

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार, 05 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-215 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## हर निजी संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकती सरकार

### 9 जजों की संविधान पीठ का ऐतिहासिक फैसला

■ नई दिल्ली 5 नवंबर

सुप्रीम कोर्ट ने निजी संपत्ति विवाद में बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक निजी संपत्ति संसाधन को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत भौतिक संसाधन नहीं कहा जा सकता है। नौ जजों की पीठ में जस्टिस हृषिकेश रॉय, बीवी नागरत्ना, जेबी पारदीवाला, सुधांशु धूलिया, मनोज मिश्रा, राजेश बिंदल, सतीश चंद्र शर्मा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि तीन जजमेंट हैं, मेरा और 6 जजों का। जस्टिस नागरत्ना का आंशिक सहमति वाला और जस्टिस धुलिया का असहमति वाला।

पीठ द्वारा 1 मई को अपना फैसला सुरक्षित रखने के बाद आज सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि किसी व्यक्ति के प्रत्येक निजी



संसाधन को समुदाय के भौतिक संसाधन के हिस्से के रूप में रखना दूर की कौड़ी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह उन निवेशकों को भी डरा देगा जो उन्हें मिलने वाली सुरक्षा के स्तर से सावधान होंगे। यह टिप्पणी तब आई जब वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि विभिन्न संविधान पीठों के 16 फैसलों में निजी संपत्ति और निजी संसाधनों को शामिल करने के लिए भौतिक संसाधनों की लगातार व्याख्या की गई है। शीर्ष अदालत ने इससे संबंधित एक संदर्भ पर सुनवाई की।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में साफ कर दिया है कि सरकार सभी निजी संपत्तियों की अधिग्रहण नहीं कर सकती। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने 1978 के बाद के उन फैसलों को पलट दिया। यह संदर्भ 1978 में कर्नाटक राज्य और अन्य आदि बनाम श्री रंगनाथ रेड्डी और अन्य मामले में दिए गए फैसले में न्यायाधीशों द्वारा दिए गए दो विचारों के संदर्भ में सामने आया। मामला सड़क परिवहन सेवाओं के राष्ट्रीयकरण से संबंधित था। न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर की एक राय यह थी कि समुदाय के भौतिक संसाधनों में प्राकृतिक और मानव निर्मित, सार्वजनिक और निजी स्वामित्व वाले दोनों संसाधन शामिल होंगे। हालाँकि, न्यायमूर्ति एन एल उंटवालिया द्वारा लिखे गए दूसरे फैसले में कहा गया है कि अधिकांश न्यायाधीश न्यायमूर्ति अय्यर द्वारा अनुच्छेद 39 (बी) के संबंध में अपनाए गए दृष्टिकोण से सहमत नहीं हैं। 1982 के संजीव कोक मैन्युफैक्चरिंग कंपनी बनाम भारत कोकिंग कोल लिमिटेड और अन्य मामले में न्यायमूर्ति अय्यर के रुख की और पुष्टि की गई। बता दें कि 39 (बी) की अलग अलग व्याख्या की गई है। अलग अलग बेंच व्याख्या में उलझती रही है। इससे ये साफ नहीं है कि कौन सी चीज समुदाय का संसाधन है और क्या नहीं? 39बी संविधान के चौथे भाग में आता है। अनुच्छेद 39 (सी) में कहा गया है कि आर्थिक प्रणाली के संचालन के परिणामस्वरूप सामान्य हानि के लिए धन और उत्पादन के साधनों का संकेंद्रण नहीं होता है।

## विधानसभा का शीतकालीन सत्र आगामी माह

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र आगामी माह आहुत किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अस्वस्थ होने के कारण विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा राष्ट्रकुल संसदीय सम्मेलन भाग लेने आस्ट्रेलिया गए हैं। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार परम्परानुसार प्रतिवर्ष राष्ट्रकुल संसदीय सम्मेलन अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष यह सम्मेलन आस्ट्रेलिया में 5 से 8 नवम्बर तक आयोजित किया गया है। जिसमें भारत के लोकसभा के पीठासीन अधिकारी राज्यसभा के उपाध्यक्ष एवं विभिन्न विधानसभाओं के सचिवों को बुलाया गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भी इस सम्मेलन में बुलाया गया है। लेकिन उन्होंने स्वास्थ्यगत कारणों से जाने से मना कर दिया है। विधानसभा सचिव डॉ. दिनेश शर्मा को इस सम्मेलन को भाग लेने भेजा गया है।

विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसम्बर के आसपास आहूत किया जाएगा। इसके लिए आगामी 15 नवम्बर को अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। विधानसभा सचिवालय के अनुसार इसके पश्चात प्रश्न लगने शुरू हो जाएंगे। यह सत्र केवल सात दिनों का होगा। सत्र में सरकार के वित्तीय कार्यों को स्वीकृति देने के लिए एक अंतरिम बजट भी लाया जाएगा। नगरीय निकाय सहित अन्य चुनावों एवं राज्य में नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव एक साथ कराने के लिए विधेयक भी लाने की तैयारी की जा रही है।

## संक्षेप

### शेयर बाजार में आज फिर गिरावट

**मुंबई 5 नवंबर।** सेंसेक्स आज यानी 5 नवंबर को करीब 100 अंकों की गिरावट के साथ 78,620 के स्तर पर कारोबार कर रहा है. निफ्टी में भी 20 अंकों की गिरावट आई है, यह 23,950 के स्तर पर कारोबार कर रहा है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी है. निफ्टी के 50 शेयरों में से 37 में गिरावट और 13 में तेजी है. मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.23% की तेजी है. वहीं, बैंकिंग, मीडिया और ऑयल एंड गैस सेक्टर मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं. टाटा स्टील निफ्टी का टॉप गेनर है और अदानी पोर्ट्स निफ्टी का टॉप लूजर है. एशियाई बाजार में जापान का निक्केई 1.11% ऊपर है. वहीं, कोरिया का कोस्पी 0.47% की गिरावट और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.42% की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है।

### पूर्व विधायक के बेटे का गिरा मोबाइल, खाते से 3 लाख पार

**बिलासपुर 5 नवंबर।** पूर्व विधायक स्व बद्रीधर दीवान के बेटे चेतनधर दीवान का शनिचरी बाजार में मोबाइल गिर गया था. किसी ने मोबाइल में स्टॉल फोन पे के माध्यम से 3 लाख रूपए पार कर दिए. सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पूर्व विधायक स्व बद्रीधर दीवान के बेटे चेतनधर दीवान 31 अक्टूबर दीपावली के दिन किसी काम से शनिचरी बाजार गए थे. इस दौरान उसका मोबाइल कहीं गिर गया. चेतन ने आसपास मोबाइल की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला. दीपावली की छुट्टी होने के कारण उन्होंन 1 नवंबर को डुप्लीकेट सिम लेने की सोची. इधर मोबाइल पाने वाले आरोपी ने उसका गलत इस्तेमाल शुरू कर दिया. मोबाइल में स्टॉल फोन पे के माध्यम से 3 लाख रूपए आरोपी ने अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिए. अकाउंट से रूपए कटने की जानकारी मिलते ही चेतन ने तत्काल अपना खाता बंद कराया. लेकिन जब तक लाखों रूपए ट्रांसफर हो चुके थे. चेतनधर दीवान ने मामले की शिकायत सिटी कोतवाली पुलिस से की. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### शारदा सिन्हा की हालत नाजुक, मोदी ने बेटे से की बात

**नई दिल्ली 5 नवंबर।** दिल्ली एम्स में भर्ती बिहार की कोकिला शारदा सिन्हा के लिए अब एक-एक पल बड़ा अहम हो गया है. उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है. सोमवार को उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया गया. पीएम मोदी ने शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमान से उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली है. गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से वह अस्पताल में भर्ती हैं. पीएम मोदी ने दिल्ली एम्स में भर्ती लोक गायिका शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य की जानकारी ली है. पीएम ने शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान से फोन पर बातचीत की और उनका हेल्थ अपडेट जाना. पीएम ने अंशुमान की हिम्मत बढ़ाते हुए उन्हें मजबूती से मां का इलाज कराने की सलाह दी।

## मुझे छुपकर पीछे से वार करने वाले लोग पसंद नहीं

■ **क्षत्रिय करणी सेना नेता पद्मिनीबा ने लॉरेंस बिश्नोई से कहा**

**गांधीनगर 5 नवंबर।** गुजरात में क्षत्रिय करणी सेना की महिला नेता पद्मिनीबा वाला ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को ओपन चैलेंज दिया है। पद्मिनी बा वाला ने एक वीडियो जारी करके कहा है कि उन्हें छुपकर पीछे से वार करने वाले लोग पसंद नहीं हैं, और ऐसे लोग गद्दार कहलाते हैं। लॉरेंस बिश्नोई को सामने आना चाहिए। मुझे चूहे-बिल्ली का खेल पसंद नहीं है। लॉरेंस पर कई मामलों में आरोप हैं, जिनमें सलमान खान को धमकी देना, सिद्धू मूसेवाला की हत्या और सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या शामिल हैं।



बता दें कि पद्मिनी बा वाला इससे पहले गुजरात में पूर्व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के खिलाफ हुए क्षत्रिय आंदोलन के दौरान सुर्खियों में आई थीं। उन्होंने लॉरेंस बिश्नोई को सामने आने की चुनौती दी है। पद्मिनी बा वाला ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि डॉ. राज शेखावत के बुलाने पर वह बड़ी संख्या में लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ खड़ी होंगी।

बता दें कि मुंबई में 12 अक्टूबर को बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले में एक दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन हत्या के पीछे की असली वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। क्षत्रिय करणी सेना के प्रमुख डॉ. राज शेखावत ने लॉरेंस बिश्नोई के एनकाउंटर के लिए इनाम घोषित किया था, जिसने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के लिए लॉरेंस गैंग को जिम्मेदार ठहराया था। लॉरेंस गैंग ने फेसबुक पोस्ट के जरिए बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

## यूपी मदरसा एक्ट को सुप्रीम कोर्ट ने बताया संवैधानिक

**नई दिल्ली 5 नवंबर।** उत्तर प्रदेश के मदरसों में पढ़ने वाले लाखों छात्रों को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें अदालत ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को संविधान के विरुद्ध बताया था। यह फैसला चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने निर्णय सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का यूपी के 16000 से अधिक मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख छात्रों के भविष्य पर असर पड़ेगा।



यूपी का मदरसा एक्ट संवैधानिक है या असंवैधानिक, इसपर सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की बेंच यूपी मदरसा एक्ट पर फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा वोर्ड एक्ट 2004 को संवैधानिक घोषित किया है और यूपी मदरसा बोर्ड की संवैधानिकता बरकरार रखी है।

बता दें कि इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने 22 मार्च को यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को असंवैधानिक बताते हुए सभी छात्रों का दाखिला सामान्य स्कूलों में करवाने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 5 अप्रैल को हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इसपर विस्तार से सुनवाई हुई। जिसके बाद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने 22 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

बता दें कि हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने 22 मार्च को मदरसा एक्ट को असंवैधानिक करार दिया था। हाई कोर्ट ने सरकारी अनुदान पर मदरसा चलाने को धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ माना था। हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि राज्य सरकार सभी मदरसा छात्रों का दाखिला राज्य सरकार सामान्य स्कूलों में करवाए।

याचिका में कहा गया है कि 17 लाख मदरसा छात्र इससे प्रभावित होंगे. 10 हजार मदरसा शिक्षक भी प्रभावित होंगे। मदरसों में सिर्फ मजहबी शिक्षा नहीं दूसरे विषय भी पढ़ाए जाते हैं। मदरसों के पाठ्यक्रम को राज्य सरकार से मान्यता है। 16,500 मदरसों को यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड से मान्यता है। हालांकि सिर्फ 560 मदरसों को सरकार से आर्थिक सहायता मिलती है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को हमने स्वीकार किया है और उसके खिलाफ कोई अर्जी दाखिल न करने का फैसला लिया है। सरकार की तरफ से ये भी कहा गया कि जहां तक मदरसा एक्ट की वैधता का सवाल है, तो हमने इलाहाबाद हाई कोर्ट में भी एक्ट के समर्थन में दलील रखी थी और आज भी मदरसा एक्ट को लेकर हमारा वही रुख है। यूपी सरकार के वकील ने कहा कि मदरसा एक्ट को पूरी तरह रद्द करने का फैसला ठीक नहीं, एक्ट के सिर्फ उन प्रावधानों की समीक्षा होनी चाहिए जो मौलिक अधिकारों के खिलाफ है, एक्ट को पूरी तरह खारिज करना उचित नहीं है। वकील ने कहा कि मदरसा एक्ट में बदलाव जरूर किए जा सकते हैं लेकिन इसे पूरी तरह रद्द करना ठीक नहीं था।

## हिंदू मंदिर में खालिस्तानियों के हमले पर भड़के जयशंकर

**नई दिल्ली 5 नवंबर।** कनाडा के ब्रैम्पटन में रविवार को एक हिन्दू मंदिर में लोगों पर हमला हुआ है. यह हमला तब हुआ, जब कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारी मंदिर में गए थे.इस बीच विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा कि टोरंटो के पास कनाडा के ब्रैम्पटन में खालिस्तानी झंडे लेकर प्रदर्शनकारियों द्वारा सोमवार को हिंदू सभा मंदिर में की गई तोड़फोड़ बेहद चिंताजनक है. बता दें कि, मंदिर पर हमला ऐसे समय हुआ है जब भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ रहा है.

इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह अस्वीकार्य है कि कनाडा ने भारतीय राजनयिकों पर निगरानी रखी है. उन्होंने कहा, कनाडा ने बिना कोई विशिष्ट जानकारी दिए आरोप लगाने का एक पैटर्न विकसित कर लिया है. दरअसल, सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में टोरंटो के उपनगर ब्रैम्पटन में लोग एक-दूसरे को झंडों से मारते और मुक्का मारते नजर आ रहे हैं.

ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में एस जयशंकर के आधिकारिक दौरे के दौरान दिए गए बयान के हवाले से बताया कि, कनाडा में कल हिंदू मंदिर में जो कुछ हुआ, वह निश्चित रूप से बेहद चिंताजनक है. हालांकि, इस घटना से कनाडा और भारत के बीच सिख अलगाववादियों और भारतीय राजनयिकों के बीच और तनाव बढ़ गया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम कल ब्रैम्पटन, ओंटारियो में हिंदू सभा मंदिर में आतंकियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं. हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए. उन्होंने कहा, हमें यह भी उम्मीद है कि हिंसा में शामिल लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा. हम कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित है।

## राज्य अलंकरण सम्मान की घोषणा

**रायपुर 5 नवंबर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने राज्य अलंकरण पुरस्कार 2024 की घोषणा की है। बुधवार को राज्योत्सव के समापन समारोह में इन सभी विभूतियों को मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पुरस्कृत करेंगे। पत्रकारिता के क्षेत्र में मुकेश एस. सिंह, मोहन तिवारी व भोलाराम सिन्हा को सम्मानित किया जाएगा।



शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान- बुटलू राम माथरा, यति यतनलाल सम्मान - मनोहर गौशाला, खैरागढ़, गुण्डाधुर सम्मान - सुश्री छोटी मेहरा, मिनीमाता सम्मान - सतनामी महिला जागृति समिति कोहका (पार्वती दीदी), गुरु घासीदास सम्मान - राजेंद्र रंगीला (गिलहरे), ठाकुर प्यारेलाल सम्मान - शशिकांत द्विवेदी, महाराज प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान - विकास कुमार, पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान - अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से उमेश कश्यप, पंडित सुंदरलाल शर्मा सम्मान - डॉ. सत्यभामा आडिल, चक्रधर सम्मान - सुधाकर रामभाऊ शेवलीकर, दाऊ मंदराजी सम्मान - पंडीराम मंडावी, डा. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरुस्कार - शिव कुमार चंद्रवंशी व खेमराज पटेल, महाराजा अग्रसेन सम्मान - सियाराम अग्रवाल, चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पुरस्कार प्रिंट मीडिया हिन्दी - भोला राम सिन्हा, चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया - मोहन तिवारी, मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार प्रिंट अंग्रेजी - मुकेश एस सिंह, दानवीर भामाशाह सम्मान - सुभाष चंद्र अग्रवाल, धन्वंतरि सम्मान - डा. मनोहर लाल लहेजा, श्रीमती बिलास देवी केवंट मत्स्य विभाग पुरस्कार - विनोद दास, डा. भंवरसिंह पोर्ते आदिवासी सेवा सम्मान - छत्तीसगढ़ आदिवासी कल्याण संस्थान से सोनऊ राम नेताम, स्व. महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार - सुरेंद्र कुमार राठौर, शोभा सिंह व ललित कुमार नायक, पंडित लखनलाल मिश्र सम्मान - रामनरियेश यादव, छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान - आनंद कुमार पांडेय न्यूयॉर्क, देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार - भगत गुलेरी, किशोर साहू सम्मान - प्रकाश अवस्थी, देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार - सधेलाल रात्रे, लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान -श्रीमती निर्मला ठाकुर, खुमान साव सम्मान - दुष्यन्त कुमार हरमुख, लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार - डा. पीसी लाल यादव, किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण - सतीश जैन, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान - सुरेंद्र तिवारी व प्रकाश चंद्र पंत, वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार - श्रीमती अदिती कश्यप, माता बहादुर कलारिन सम्मान - कुमारी चित्ररेखा सिन्हा, पंडित माधव राव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मक सम्मान -- अतुल जैन, स्व. बिलाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार - पन्नालाल देवांगन व बहोरी लाल देवांगन, राजराजेश्वरी करुणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार - सत्यनारायण देवांगन व अरुण मेहर आदि।

## नहीं चाहिए सत्ता, अब नए लोगों को चुनकर आना चाहिए : पवार

**मुंबई 5 नवंबर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की लड़ाई अपने चरम पर पहुंच गई है। आवेदन वापस लेने की अंतिम तिथि बीतने के बाद प्रदेश भर में मुकाबलों की तस्वीर साफ होने लगी है। कई जगहों पर विद्रोहियों ने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। एक तरफ जहां इस बात की चर्चा हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ शरद पवार के राजनीतिक संन्यास की भी चर्चा होने लगी है। बारामती में युगेंद्र पवार की प्रचार सभा में अपने भाषण में उन्होंने खुद इस बात का संकेत दिया है। हालांकि, शरद पवार ने कहा है कि वह राजनीति से संन्यास लेने के बाद भी सामाजिक कार्य करते रहेंगे। एनसीपी में विभाजन से ठीक एक महीने पहले शरद पवार ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन एनसीपी के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं के आग्रह के चलते उन्होंने इसे वापस ले लिया।

इसके तुरंत बाद पार्टी में विभाजन हो गया और अजित पवार का गुट सत्तारूढ़ ग्रैंड अलायंस में शामिल हो गया। तब भी शरद पवार के इस्तीफे की चर्चा जोरों पर थी। अब जैसे ही शरद पवार ने अपने राजनीतिक संन्यास का सीधा संकेत दिया है तो राजनीतिक गलियारों में इसकी चर्चा शुरू हो गई है। युगेंद्र पवार के प्रचार के लिए शरद पवार ने आज बारामती में बैठक की. इस मौके पर उन्होंने यह जिक्र करते हुए अपने संन्यास का संकेत दिया कि वह पिछले 55 सालों से महाराष्ट्र के राजनीतिक दायरे में सक्रिय हैं। आपमें से कुछ उस समय जीवित थे, कुछ का जन्म नहीं हुआ था।

### तालाब और नदी में स्नान कर कद्दू की सब्जी और चावल खाकर व्रत का संकल्प लेंगी महिलाएं

## नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हुआ महापर्व छठ

■ रायपुर 5 नवंबर

4 दिवसीय छठ महापर्व का नहाय-खाय के साथ आज से आगाज हो गया है. व्रती महिलाएं तालाब और नदी में स्नान करके कद्दू की सब्जी और चावल खाकर व्रत का संकल्प लेंगी. ऐसा कहा जाता है कि यह भोजन करने से साधक के जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है.

इस दिन व्रती महिलाएं स्नान कर नए कपड़े पहनकर पूजा करती हैं. नए कपड़े की आवश्यकता व्रतियों को होती है. पीले और लाल रंग के कपड़ों का छठ में विशेष महत्व होता है. हालांकि दूसरे रंग के कपड़े भी पहने जा सकते हैं. स्नान के बाद ही छठव्रती चना दाल, कद्दू की सब्जी और चावल का प्रसाद ग्रहण करती हैं.

नहाय खाय के दिन बनने वाले भोजन को बनाने के दौरान कई खास बातों का ध्यान रखा जाता है. जो खाना इस दिन बनाया जाता है, उसे रसोई के चूल्हे पर नहीं बल्कि मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से पकाया जाता है.



व्रती महिलाओं के प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही परिवार के अन्य सदस्य प्रसाद ग्रहण करते हैं. इस दिन व्रत से पहले नहाने के बाद सात्विक भोजन ग्रहण करने को ही नहाय-खाय कहा जाता हैं.

पौराणिक कथाओं के अनुसार, छठ पूजा का पर्व सूर्य देव को धन्यवाद देने और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है. भक्त इस दौरान सूर्य देव की बहन छठी मईया की भी पूजा करते हैं, जो संतान और परिवार के सुख-समृद्धि की कामना के लिए की जाती है. ऐसा माना जाता है कि छठ पूजा करने से मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं और पारिवारिक जीवन में सुख-शांति का वास होता है.

हिंदुओं के महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहारों में से एक माना जाने वाला छठ पूजा 4 दिनों तक चलता है. इस दौरान भक्त छठी मईया और भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना करते हुए कठिन व्रत का पालन करते हैं. कार्तिक माह में आने वाले इस महापर्व की शुरुआत 5 नवंबर को नहाय-खाय से होगी. जबकि 6 नवंबर को खरना और 7 नवंबर को संध्या के समय डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा. वहीं, इसका समापन 8 नवंबर-उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा.

इस पावन पर्व को लेकर कई कथाएं भी प्रचलित हैं. एक कथा के अनुसार बताया गया है कि, द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब कुष्ट रोग से पीड़ित थे, जिसके चलते मुरलीधर ने उन्हें सूर्य आराधना की सलाह दी. कालांतर में साम्ब ने सूर्य देव की विधिवत व सच्चे भाव से पूजा की. भगवान सूर्य की उपासना के फलस्वरूप साम्ब को कुष्ट रोग से मुक्ति मिल गई.

इसके बाद उन्होंने 12 सूर्य मंदिरों का निर्माण करवाया था. इनमें सबसे प्रसिद्ध कोणार्क का सूर्य मंदिर है, जो ओडिशा में है. इसके अलावा, एक मंदिर बिहार के औरंगाबाद में है, जिसे देवार्क सूर्य मंदिर के नाम से जाना जाता है।

## कवर्धा में पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

■ कवर्धा 5 नवंबर

जिले में आम के बगीचे में पेड़ पर युवक की लटकती लाश मिली है, जिससे गांव में सनसनी फैल गई. ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया है. घटना पिपरिया थाना के बैजलपुर गांव की है, जहां आम के बगीचे में मुकेश साहू की लाश मिली है. अंतिम बार युवक लक्ष्मी विसर्जन के दौरान डीजे की धुन पर थिरकते नजर आया था. ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव पेड़ से नीचे उतारने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया. पिपरिया थाना प्रभारी कमलकांत शुक्ला ने बताया कि पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर के आम बगीचे में पेड़ पर युवक की लाश फांसी के फंदे में लटकती हुई मिली है. मृतक युवक शराब की आदी था, और घर में आए दिन अपनी पत्नी के साथ झगड़ा करता था. शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया गया है. मामले की जांच की जा रही है।



# छत्तीसगढ़ को अशांत करने की मंशा से काम कर रही कांग्रेस:मनीराम साहू





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 नवंबर।** बीते दिनों दामाखेड़ा स्थित कबीर आश्रम में उदित मुनि साहब के ऊपर हमले के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए तथा इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय कवर्धा के सिग्रल चौक में कांग्रेस का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा मनीराम साहू ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी सत्ता छिनने के बाद बौखला गई है और लगातार प्रदेश की भाजपा सरकार को बदनाम करने के षणयंत्र रच रही है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस के लोग लगातार प्रदेश में अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि हाल के महिनो में प्रदेश के बलौदाबाजार, सूरजपुर, कवर्धा और अन्य स्थानों पर हुई गंभीर आपराधिक घटनाओं में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं संलिप्त पाई गई है। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने इस तरह की घटनाओं को अंजाम देकर छत्तीसगढ़ के शांत वातावरण को अशांत करने का काम किया है और अब इसी कड़ी में हम सबके आराध्य संत कबीर जी के दामाखेड़ा स्थित कबीर आश्रम में उदित मुनि जी पर हमला, निंदनीय घटना है। उन्होने कहा कि इस निंदनीय कृत्य के विरोध में ही आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिला मुख्यालय कवर्धा में कांग्रेस का पुतला दहन किया है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस को प्रदेश की शांति पच नहीं रही है और वह इसे अशांत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पहले इस तरह के कृत्य कराती है और फिर इस पर राजनीति कर अपनी पूरी तरह से धूमिल हो चुकी छबि को बनाने का प्रयास कर रही है। लेकिन प्रदेश की जनता कांग्रेस के चाल, चरित्र को समझ चुकी है। यही वजह है कि जनता ने कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री संतोष पटेल, जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा ,कैलाश चंद्रवंशी, जिला मंत्री रोशन दुबे,शहर भाजपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा पीयूष सिंह ठाकुर महिला मोर्चा जिला अध्यक्षसतविंदर पाहुजा, प्रदेश किसान मोर्चा नरेंद्र मानिकपुरी श्रीकांत उपाध्याय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मोर्चा खिलेश्वर साहू, रवि राजपूत,उमंग पांडे ईश्वरी धुर्वे, जिला उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, तुकेश चंद्रवंशी, मनोज वैष्णव, मंडल अध्यक्ष अश्वन्न साहू दुर्गेश दुबे अमित चंद्रवंशी, सुदर्शन कुंभकार, रमाकांत चंद्रवंशी अजय सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो तथा भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीएसपी के प्लेट मिल ने रचा नया कीर्तिमान



**भिलाई, 5 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की प्लेट मिल अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बहाल रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। प्लेट मिल ने अक्टूबर 2024 में 1,17,568 टन का डिस्पैच कर वर्ष 2022 के अक्टूबर माह में दर्ज पिछ्ले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 1,17,450 टन को पार किया। उल्लेखनीय है कि संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान शिपिंग यार्ड की मैपिंग के दौरान नई आई टी तकनीक का भरपूर उपयोग किया गया, जिससे टेबलेट के माध्यम से त्वरित दस्तावेज बनाये जा सके। इसमें सी एंड आई टी टीम की भूमिका अहम रही। सम्पूर्ण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण चुनौती यह थी कि बीएसपी के सभी ग्राहकों की प्लेटों की मांग को समय पर पूरा किया जा सके। संयंत्र द्वारा उत्पादित प्लेट के लगभग 147 ग्राहक है जिन्हें रेलवे एवं रोड परिवहन के माध्यम से प्लेट मिल से शिपिंग की जाती है। अक्टूबर माह में शिपिंग की गई प्लेट में रेलवे को 1,000 टन, विभिन्न प्रोजेक्ट ग्राहकों को 10,000 टन, भेल को 4,500 टन, कोचीन शिपयार्ड को 613 टन तथा एमएसएमई ग्राहकों को 5,000 टन प्लेट की आपूर्ति शामिल हैं। शिपिंग की टीम ने मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में जहां एक ओर महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी व गुरमीत सिंह, महाप्रबंधक सी पद्मनाभन, महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने कुशलता से अपनी टीम का नेतृत्व किया वहीं दूसरी ओर मुख्य महाप्रबंधक चंद्रेश झा ने योजनाबद्ध ढंग से निरंतर सहयोग दिया। साथ ही महाप्रबंधक सुधीर और उनकी टीम ने दक्षता से पूर्ण सहयोग किया।

# एक नजर

## खाते से 1.20 करोड़ पार

**भिलाई, 5 नवंबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र एक युवक द्वारा मोबाइल दुकान संचालक के खाते से ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए 1 करोड़ 20 लाख रुपए पार करने का मामला सामने आया है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि रमेश कुमार मारकंडे की नेवई में मोबाइल की दुकान है दिसंबर 2023 में उसके भतीजे का दोस्त विकास चंद्राकर उसकी दुकान में अपना मोबाइल बनवाने के लिए आया था। उसने रमेश से एक मोबाइल चलाने के लिए स्टैंडबाई के रूप में मांगा। दुकान में ग्राहक होने से रमेश ने उसे जो मोबाइल चलाने के लिए दिया, उसमें से सिम निकाला भूल गया। जो सिम उस मोबाइल में लगा था उसी से वो अपने करंट अकाउंट का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करता था विकास ने उसका फायदा उठाया और 13 दिसंबर 2023 को रमेश के खाते से चार-पांच घंटे के भीतर ही एक करोड़ 20 लाख रुपए पार कर दिया। इतनी बड़ी रकम कुछ ही देर में निकलने पर बैंक से रमेश के पास फोन आया रमेश को जब पता चला तो उसके होश उड़ गए बैंक द्वारा कहा गया कि आप बैंक में आकर संपर्क करें इस पर रमेश ने तुरंत अपने भतीजे को बैंक भेजा बैंक जाने पर पता चला कि उसी के दोस्त विकास चंद्राकर ने खाते से लिंक सिम और मोबाइल पाकर 1 करोड़ 20 लाख रुपए पार कर दिया। जब रमेश ने विकास चंद्राकर को फोन लगाया और पूछा कि जो मोबाइल वो ले गया है उसमें उसका सिम लगा था। उसने उसके खाते से ऑनलाइन 1 करोड़ 20 लाख रुपए निकाला है इस पर विकास ने उन्हें कहा कि वह इस समय बेंगलुरु में है वापस आने पर उससे मिलेगा। बाद में उसने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया और बेंगलुरु से वापस नहीं आया

## वैन हाईवा से टकराई,2 को मौत


**भिलाई, 5 नवंबर।** भिलाई चिखली चौक के पास रविवार की रात को एक तेज रफ्तार ईको वैन सड़क पर खड़े हाईवा से टकरा गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दोनों युवकों की मौत हो गई जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि ग्राम बसनी धमधा निवासी 27 वर्षीय रेखचंद साहू और उदय निषाद 27 वर्षीय रात करीब साढ़े नौ बजे ईको वैन से धमधा से दुर्ग की ओर जा रहे थे। रास्ते में चिखली चौक के पास एक हाईवा सड़क पर खड़ी थी। वैन चला रहा रेखचंद सड़क पर खड़ी हाईवा को देखकर स्थिति को भांप नहीं सका और वैन उसके पीछे जाकर टकरा गई हादसे में दोनों युवकों के सिर और सीने पर गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने बताया कि हाईवा की वायरिंग खराब होने के कारण बंद हो गया था इसके चलते चालक सड़क पर ही हाईवा को छोड़कर चला गया था चिखली चौक के पास रात को हुई घटना धमधा के रहने वाले थे मृतक दुर्ग की ओर जाने के दौरान दुर्घटना के हुए शिकार।

## भतीजे ने डंडे से मारा, चाचा की मौत

**भिलाई, 5 नवंबर ।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र भतीजे ने अपने बड़े पापा पर आपसी विवाद के चलते डंडा व हाथ.मुक्के से हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में उन्हें अस्पताल में दाखिल करायाए जहां पर ईलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम.खपरी निवासी नोहर सिंह सोनवानी 53 वर्ष द्ध के साथ 27 अक्टूबर की शाम आपसी विवाद में भतीजा उमेश सोनवानी 21 वर्ष ने डंडा व हाथ-मुक्के से हमला कर दिया। इससे नोहर गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान 31 अक्टूबर को दम तोड़ दिया पुलिस आरोपी उमेश के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर विवचेना कर रही है ।

## सदी की सुनहरी यादें की पेशकश 9 को

**भिलाई, 5 नवंबर।** गीत-संगीत की दुनिया के नामचीन सितारे एवं संगीत गुरु दीपांकर दास तथा ओमप्रकाश रजक द्वारा डॉलफिन म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में गोल्डन म्यूजिकल मूवमेंट ऑफ़ द एरा (सदी की सुनहरी यादें) की पेशकश आगामी 9 नवंबर को संध्या 6.30 बजे से स्टील क्लब सेक्टर-8 में आयोजित की गयी है। जाने माने चिकित्सक डॉ रवि शुक्ला, डॉ दीपक वर्मा, एस सजीव, राजदीप, सत्या पांडेय, लता बर्मन, तान्या की देख-रेख में संगीत से जुड़े कवीन्द्र बर्मन, रतन बारीक, जोसफ राज, नाथू खांडेकर, इस्राइल जॉर्ज, मनीष, कमल, लिलेश आदि कार्यक्रम के संयोजन में लगे हुए हैं। आयोजित होने वाले इस संगीत समारोह के प्रस्तुतकर्ता संगीत गुरु दीपांकर दास ने बताया कि सदी की सुनहरी यादें की इस पेशकश में संगीत का जादू बिखेरा जायेगा और एक-से-एक म्यूजिक टैलेंटेड लोग अपना हुनर दिखाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क है। दास ने संगीत प्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।



## वार्ड -23 से लड़ेंगे लवली बग्गा चुनाव , नगर में चर्चा

**कवर्धा, 5 नवंबर।** नगरीय निकाय चुनाव नए साल में होने के आसार है और चर्चा शुरू हो गई है की वार्ड 23से हरितिमा टीम के सदस्य लवली बग्गा चुनाव लड़ सकते है । कई वार्डो में सुनील साहू , सुनील जैन , पन्ना चंद्रवंशी , हामिद सिद्दीकी और कई नए चेहरे चुनावी समर में उतर सकते है ।





# सेल ने अकादमिक सहयोग के लिए एएससीआई, हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

**भिलाई, 5 नवंबर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), हैदराबाद के बीच 04 नवंबर को कंपनी के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में अकादमिक सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता ज्ञापन सेल के नव-पदोन्नत अधिकारियों सहित दूसरे कार्मिकों के लिए अनुकूलित प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। इस तरह के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी सेल की समग्र शिक्षा और विकास रणनीति का हिस्सा है, जिससे कंपनी के अधिकारियों को और अधिक अकादमिक अनुभव मिल सकेगा और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सकेगा। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के निदेशक (कार्मिक) के के सिंह और एएससीआई, हैदराबाद के निदेशक डॉ. निर्मल्या बागची की उपस्थिति में किए गए।

# राजयोगिनी रजनी दीदी का मिनी इंडिया में अभूतपूर्व स्वागत



भिलाई, 5 नवंबर। हिरोशिमा व नागासाकी के दुखद हादसे के बाद भी जापान के लोगों में अभी भी उसका प्रभाव था। भले ही वे अपने कर्मठता के गुण से जापान देश को भौतिकता के चरम सीमा पर पहुंचाने के बावजूद भी वे कुछ पल की सच्ची शांति, खुशी व आत्मिक स्नेह को खोजते जब ब्रह्माकुमारी संस्था के निकट संपर्क में आए तो उनमें आशा की किरण जगी और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से जीवन में निश्चिंतता और भारतीय संस्कृति और सात्विक भोजन को अपने जीवन में अपनाते चले गए। यह बातें जापान एवं फिलीपींस के सेवा केंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी रजनी दीदी ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान भिलाई सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में कहीं। उन्होंने बताया कि जापान में भूकंप प्रायः आते ही रहते हैं लेकिन उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े सदस्यों और ब्रह्माकुमारी बहनों के बोल, व्यवहार, हर्षितमुखता और विषम परिस्थितियों में निश्चिन्तता को देखकर बहुत प्रभावित हुए, और राजयोग मेडिटेशन को न केवल सीखकर बल्कि प्रतिदिन इसे अपने जीवन का अंग बनाया। राजयोग मेडिटेशन से न सिर्फ जापान बल्कि समस्त विश्व की मनुष्यात्माएं निराकार परमात्मा शिव से जुड़कर अपने जीवन में सुख शांति शक्तियों की प्राप्ति कर रही हैं। सर्वप्रथम जापान से पधारीं राजयोगिनी रजनी दीदी, जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी व अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू ज्ञान सरोवर से पधारी ब्रह्मकुमारी संगीता दीदी, शांति सरोवर रायपुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी का भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका आशा दीदी द्वारा पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात डिवाइन ग्रूप के बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य व लघु नाटिका की प्रस्तुति हुई जिसमें भिलाई की शान भिलाई स्टील प्लांट की विशेषताओं को सराहते हुए गीत के साथ प्रस्तुति दी गई। साथ ही साथ भारत की विविधता भिलाई मिनी इंडिया की विशेषता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रांतों के गुण-गान करते हुए प्रतिनिधियों द्वारा पारंपारिक नृत्य पेश किया गया, जिसमें विशेष छत्तीसगढ़ प्रांत व जापान देश के बीच की समानताओं को प्रस्तुत किया गया। फिलीपींस देश में की गई सेवाओं के भी अनुभव को आपने साझा किया। इस दौरान सभा में बड़ी संख्या में ब्रह्मावत्स उपस्थित रहे।



# ग्राम मचांदुर एवं धनोरा बाबा दरबार में धूमधाम से मां लक्ष्मी की मूर्ति का विसर्जन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई।** ग्राम मचांदुर में आज मां लक्ष्मी की मूर्ति का विसर्जन बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। लक्ष्मी पूजा के दौरान कई दिनों तक चले इस उत्सव के बाद,भक्तों ने मां लक्ष्मी को नम आंखों और मंगलकामनाओं के साथ विदा किया। विसर्जन के दौरान पूरे गांवों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। ढोल-नगाड़ों की गूंज,शंख ध्वनि और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विसर्जन के जुलूस में युवाओं से लेकर बुजुर्गों,महिलाओं तक ने हिस्सा लिया।जुलूस में मां लक्ष्मी की भव्य मूर्तियों को सजाए गए टालियो पर रखा गया था,और भक्तगण नाचते-गाते हुए इन्हें विसर्जन स्थल तक ले गए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और पुलिस ने यातायात की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मां लक्ष्मी के विसर्जन के साथ ही लक्ष्मी पूजा का समापन हुआ, लेकिन भक्तों ने अगले वर्ष पुनः मां के स्वागत की आशा और उत्साह के साथ विदाई दी।इस धार्मिक आयोजन ने पूरे देश में भक्ति और उत्साह का माहौल बना दिया,जहां मां लक्ष्मी की शक्ति और आशीर्वाद के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा साफ झलक रही थी।यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को और मजबूत करता है।इस अवसर पर प्रमुख रूप सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति अध्यक्ष धनेश साहू, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, सचिव प्रवीण यदु, कोषाध्यक्ष खिलेश्वर साहू,संचालक चोवा निषाद, राहुल यदु,अजय यदु,हरीश यादव, भानु साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत,पुकेश्वर साहू, अरुण साहू, प्रकाश साहू,प्रमुख रूप से उपस्थित रहें

# अपर आयुक्त द्विवेदी के साथ अन्य 6 कर्मचारी सेवानिवृत्त



**भिलाई, 5 नवंबर।** भिलाई निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 07 अधिकारी/कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी अपने 38 वर्षो के कार्यकाल में पूर्व साडा वर्तमान निगम भिलाई में कार्यो को संपादित करते हुए सेवानिवृत्त हुए। अपने अनुभव को साझा करते हुए द्विवेदी ने बताया कि पूर्व साडा का क्षेत्रफल बहुत बड़ा था इसलिए बहुत सारे गांव भी आते थे। नगर निगम रिसाली, भिलाई चरोदा, नगर पालिका कुम्हारी, नगर पालिका जामुल इत्यादि संयुक्त रूप से एक विशेष क्षेत्र प्राधिकरण के रूप में कार्य करता था। उस समय से हम लोगों का प्रशासन के हित में कार्य करना ही अपना उददेश्य रहता था। आज निगम भिलाई का दायरा छोटा हो गया है, नये कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियो को लगता है कि हमारा क्षेत्र बहुत बड़ा है। यह सच है कि अभी का कार्यकाल में चुनौतियां ज्यादा हैं। उस समय साइकिल से पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कार्यो को संपादित किया जाता था। तब न मोबाइल था, न ही यातायात के इतने अच्छे साधन, फिर भी कार्य सुचारू रूप से संपन्न होता था। विदाई के दौरान पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी अजय चतुर्वेदी, मूर्ति शर्मा, गुलजार सिंह वर्मा, जयकुमार जैन, श्रवण ठाकुर, विनोद चंद्राकर, महेन्द्र यादव, तुलसी विन्दा देवांगन, वकील अहमद आदि उपस्थित होकर अपने पूर्व के अनुभव कर्मचारियों के बीच में साझा किये। निगम प्रशासन की ओर से अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। अन्य 6 सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी जगरनाथ सिंह कुशवाहा वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक, चंचल शर्मा सहायक कार्यालय अधीक्षक, गीता सोनी पम्प सहायक, केशव राम सोनारे चैकीदार, सुदामा शर्मा सहायक मिस्त्री, संतोष कुमार देवांगन वाहन चालक शामिल थे। विदाई समारोह में वरिष्ठ पार्षद एमआईसी के प्रभारी अध्यक्ष सीजू एन्थोनी, स्थापना प्रभारी अध्यक्ष संदीप निरंकारी, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डी.के.वर्मा, यूनियन के पदाधिकारीगण सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस ने 6 लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 नवंबर ।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र रुआबांधा में ताश की बावन पत्तियों में जुआ खेलने में मगन दर्जन भर जुआरियों को भिलाई नगर पुलिस ने धरदबोचा है। इनसे पुलिस ने ताश के पत्ते सहित 2 लाख 56 हजार रुपए जब्त किया है। पकड़े गए जुआरियों में से एक के जन्मदिन का केक काटने के बाद सभी लोग जुआ खेलने बैठ गए थे सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि बीते देर शाम को रुआबांधा क्षेत्र में जुआ का फड़ सजे होने की सूचना पर पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान 12 लोगों को मौके पर दबोच लिया गया। इनसे पुलिस ने ताश की पत्तियां और 2 लाख 56 हजार रुपए नगद राशि बरामद किया है। पता चला है कि पकड़े गए लोगों में से एक का जन्मदिन मनाते वहां पर सभी एकत्रित हुए थे। जन्मदिन का केक काटने के बाद जुआ खेलने लगे। सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है पकड़े गए जुआरियों में अनिल सिंह पिता हरजीत सिंह उम्र 32 वर्ष पता रूआबांधा बस्ती, अमन जैन पिता विमल जैन उम्र 24 वर्ष पता रूआबांधा बस्ती, मयंक गावंडे पिता भाऊ राम गावंडे उम्र 29 वर्ष पता सेक्टर 5 सड़क नंबर 26 क्वार्टर नंबर 05 ए, हेमलाल ढीमर पिता शांतनु ढीमर उम्र 24 वर्ष जय स्तंभ चौक रूआबांधा बस्ती, बल्लू चंद्राकर पिता मोहन चंद्राकर उम्र 55 वर्ष पता रिसाली गांव, मनीष जैन पिता कांतिलाल जैन उम्र 25 वर्ष पता शनिचरी बाजार रूआबांधा, विनय यादव पिता गोपाल यादव उम्र पता रूआबांधा बस्ती गायत्री मंदिर के सामने, नितेश जैसवाल पिता राजेंद्र जैसवाल उम्र 34 वर्ष पता नेहरू चौक कैंप 1 भिलाई, गुजराती पिता बाबूलाल गुजराती उम्र 52 वर्ष खंडेलवाल कॉलोनी दुर्ग, शैलेश मिश्रा पिता स्वर्गीय विजेंद्रनाथ मिश्रा उम्र 51 वर्ष पता गांधी चौक सदर बाजार दुर्ग, पप्पू साहू पिता कमल साहू उम्र 35 वर्ष पता राजीव नगर दुर्ग एवं राजेंद्र बागड़े पिता देवी शंकर बागड़े उम्र 43 वर्ष अंबेडकर नगर उरला रोड दुर्ग निवासी शामिल हैं।

एक नजर

### मुख्यमंत्री ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद ग्रहण किया



**रायपुर, 5 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने पं. धीरेंद्र शास्त्री के अपने निवास पहुंचने पर उन्हें शाल- श्रीफल भेंटकर उनका का आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि पं. धीरेंद्र शास्त्री छत्तीसगढ़ के प्रवास पर आए हुए हैं। आज राजधानी रायपुर आने से पहले कल वे कांकेर और कवर्धा के कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के परिवारजन, स्वामी राजीवलोचन जी महाराज और निवास के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्योत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से बंधा समां

**रायपुर, 5 नवंबर।** राज्योत्सव के शुभारंभ के अवसर पर नवा रायपुर के मेला ग्राउंड में ख्याति प्राप्त कलाकारों ने रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत में श्री रिखी क्षत्रीय की टीम द्वारा 12 लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। श्री मोहन चौहान एवं साथी द्वारा आदिवृंदम, श्री सुनील सोनी एवं टीम द्वारा क्षेत्रीय नृत्य संगीत तथा श्री विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही मल्लखंभ (इंडियाज गॉट टैलेंट) तथा बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शांतनु मुखर्जी (शानु) ने शानदार और मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिसका राजधानी वासियों ने देर रात तक लुत्फ उठाया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

### छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में सिंचाई परियोजनाओं की आकर्षक झांकी



**रायपुर, 5 नवंबर।** राज्य निर्माण के 24 वर्ष पूर्ण होने पर नवा रायपुर अटल नगर स्थित राज्योत्सव मेला ग्राउंड में आयोजित राज्योत्सव 2024 में जल संसाधन विभाग के स्टॉल में राज्य की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं पर आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई है। आम लोगों को राज्य की प्रमुख सिंचाई योजनाओं के बारे में जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई योजनाओं से संबंधित आकर्षक मॉडल बनाया गया है। इसके माध्यम से राज्य में जल संसाधन के प्रबंधन और सिंचाई क्षमता के विस्तार की जानकारी भी दी जा रही है। जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार किए गए इस मॉडल में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, इंद्रावती नदी में बेउरगांव बैराज तथा मटनार बैराज, अहिरन खारंग लिंक परियोजना, सिकासार कोडार इंटर लिकिंग परियोजना, इंद्रावती महानदी जोड़ो परियोजना का सर्वेक्षण कार्य, छपराटोला लिंक परियोजना, मोहमेला सिरपुर बैराज, दिलीप सिंह जूदेव (केलो) वृहद परियोजना तथा परसाही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई योजना को दर्शाया गया है। जल संसाधन विभाग के स्टॉल में यहां आने वाले आम नागरिकों को राज्य में जल प्रबंधन को सुधारने और सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही जलाशय निर्माण, नहरों का विस्तार, और जल संरक्षण से जुड़ी परियोजनाएं के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। स्टॉल में राज्य की जल नीति और जल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के प्रयासों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### जनदर्शन में सीईओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं, शिकायतें और मांगें

**धमतरी 5 नवंबर।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से पहुंचे लोगों की मांग, समस्या और शिकायतों को सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त पत्रों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने, योजना के तहत वर्ष 2020-21 की शेष राशि प्रदाय करने, किसान किताब प्रदाय करने, घास भूमि में अतिक्रमण हटाने, नहर छोड़े गए पानी को बंद करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर कार्यवाही न करने, दुर्घटना के मद्देनजर पेड़ को कटवाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ ने उक्त पत्रों को गंभीरता से पढ़ते हुए उनका त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### हर बड़ी आपराधिक घटना के पीछे कांग्रेस का हाथः किरण देव

**रायपुर 5 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश में बढ़ते अपराध, तनाव और अराजकता के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस के लोगों की कारगुजारियों को सामने रखा है और कहा है कि एक ओर जहाँ छत्तीसगढ़ प्रदेश अपना 25वाँ राज्योत्सव मना रहा है, वहां बड़े दुख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुज़ारियों को आपके बीच रखने की विवशता है। श्री देव ने साफ-साफ लफ्जों में आरोप लगाया कि प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। कांग्रेस जानबूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में स्पष्ट आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साज़िश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो।

# छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध के लिए कांग्रेस दोषी:मधुसूदन यादव

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले के समस्त पत्रकारों को दिवाली की बधाई देते हुए अपराध रोकने में पुलिस के कार्यों की प्रशंसा की**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 5 नवंबर।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध के लिए विपक्ष कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि जितने भी बड़े-बड़े अपराध इस प्रदेश में हुए हैं। उसमें कांग्रेस के नेताओं का नाम आना यह साबित करता है। कि कांग्रेस भाजपा और हमारी सरकार को बदनाम करने की कोशिश लगातार कोशिश कर रही है। जनता इसे समझ रही है उन्होंने जिले भर के पत्रकारों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस का कार्य प्रसंसनीय है और आगे भी पुलिस अपना काम करती रहेगी। श्री यादव ने आज भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पत्रकारों से चर्चा करते हुए आगे कहा कि आज जब हम प्रदेश का पचीसवां राज्योत्सव मना रहे हैं, वहां बड़े ही दुःख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को आपके बीच रखने की विवशता है। प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। हमारा यह स्पष्ट आरोप है कि कांग्रेस जान बूझ कर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजना देती है। षड्यंत्र रचती है। फिर उस पर सरकार की घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साजिश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो। छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाये से अब जनता में प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केंद्र में हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है। प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाय, कम है। इसी तरह आपने देखा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ साक्ष्य कितने मजबूत हैं। इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का ज़िला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में जिम्मेदार था। इस घिनौने कृत्य पर भी कांग्रेस उल्टे चोर कोतवाल को डाँटे की तर्ज पर राजनीति कर रही थी। सवाल उठता है कि क्या ये अब अपनी गंदी राजनीति चमकाने के लिए नरसंहार आदि को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रहे हैं? यह प्रश्न निराधार तो नहीं लगता। अगर ऐसा है, जो कि लग रहा है तो साफ कहा जा सकता है कि कांग्रेस अब एक गिरोह में बदल चुकी है। लोहारीडीह कांड में भी बार बार गाँव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि उन्हें पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है तो बता दे पुलिस को या पुलिस को जाँच करने दे। यही नहीं केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नक़ली नोट के साथ पुलिस के गिरफ़्त में है। कांग्रेस के नेता और उनसे संबंधित अधिकारियों पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव घोटाला आदि के आरोप हैं। कांग्रेस की इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ कतई सहन नहीं करेगा। भाजपा की हमारी सरकार तो प्रदेश में हर क़ीमत पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है ही, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीक़े से कांग्रेस का मुक़ाबला करने तैयार है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस की आपराधिक कृत्य के विरोध में सभी जिला मुख्यालय में पुतला दहन किया जायेगा। कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि वह अपने कृत्यों से बाज आये, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग पर अपना हाथ सेंकने की छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते। दामाखेड़ा की कबीरपथ के आचार्य जी के निवास में हुए हमले की हम घोर भर्त्सना करते हैं और इसके पीछे के षड्यंत्र की पता लगा कर दोषियों को चाहाए वह कितना ही बड़ा कांग्रेसी क्यों न हो, सलाखों के पीछे भिजवाने बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी। इस अवसर पर मधुसूदन यादव के साथ रमेश पटेल, सचिन बघेल, दिनेश गांधी, योगेश दत्त मिश्रा, शिव वर्मा, आकाश चोपड़ा आदि उपस्थित थे।

## डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तेजी से लेकर जा रही विकास की राह पर: मोहन यादव




**रायपुर, 5 नवंबर।** राज्य स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तीव्र गति से विकास की राह पर लेकर जा रही है। डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित जनहितैषी योजनाओं और माओवादी आतंक के विरूद्ध संचालित अभियान की सफलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से माओवाद समाप्ति की ओर है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की साझा संस्कृति है साझा विचार है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, यह सम्मान ऐसे ही हासिल नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ के लोग अपनी सहजता-सरलता के लिए, अपने धान के कटोरे के लिए और अपने प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है। रायपुर से बस्तर तक विकास का नया आयाम स्थापित हुआ है। यहां डबल इंजन की सरकार बहुत तेजी से विकास की राह पर बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में प्रभु श्रीराम ने अपना बहुत समय गुजारा है। माता शबरी के जूठे बेर खाने वाला प्रसंग भी छत्तीसगढ़ का है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम और भगवान कृष्ण के कारण से हमारा गौरवशाली अतीत बना है, उसे सहेजने के लिए हमारी सरकार काम करेगी। भगवान श्री कृष्ण की भी जिन जगहों पर लीलाएं हुई हैं वहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का काम हम कर रहे हैं। राज्योत्सव का दीपोत्सव के साथ आयोजन हुआ। इससे इस आयोजन की कीर्ति बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां लाडली बहन योजना है आपके यहां महतारी वंदन योजना है। हम सब तेजी से विकास के पथ पर बढ़ते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्योत्सव के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमारा सौभाग्य है कि राज्योत्सव के शुभारंभ के लिए मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आये हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत छत्तीसगढ़ के शहीद वीरनारायण सिंह, वीर गुंडाधुर सहित अन्य शहीदों के नमन से की। देश भर में जनजातीय समुदाय के शौर्य के प्रतीक बिरसा मुंडा का भी उन्होंने स्मरण किया।

### आयुक्त ने छठ के पूर्व शहर तथा तालाबों के आसपास सफाई के निर्देश दिए

**राजनांदगांव 5 नवंबर।** छठ पर्व को ध्यान में रखते हुये निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, के साथ साथ मोती तालाब व चिखली तालाब के अलावा अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कराने, दवा का छिडकाव करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि दीपावली त्योहार में शहर के आंतरिक व बाह्य क्षेत्रों सहित बाजार व शहर के प्रमुख मार्गो में भीड की स्थिति निर्मित हो गयी थी और विभिन्न समानों की खरीदी बिक्री के कारण शहर में कचरा फैल गया था, जिसे ध्यान में रखते हुये शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे, नाली से कचरा निकालने के उपरांत कचरा तुरंत उठावे, दवाई एवं चुना का छिडकाव करे। मच्छर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुये वार्डो में फागिंग करें। दुकानदारों व पसरा वालों को गंदगी न फैलाने कचरा वाहन में डालने, डस्टबीन का उपयोग करने समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के पूर्व हुये, मोती तालाब, चिखली तालाब सहित अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई कर कटिली झाडिया कटावे एवं दवाई का छिडकाव कर चुना लाईन खीचे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि अपने घर की साफ सफाई के अलावा घरों के आस पास भी साफ सफाई रखे। कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही डाले। मौसमी बीमारी डेंगू मलेरिया से बचने सावधानी बरते।

समाचार संक्षेप

### पुलिस ने युवक को 18 पौवा शराब सहित गिरफ्तार किया




**छुरिया 5 नवंबर।** 4 नवंबर को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगढ़, श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी छुरिया के नेतृत्व में हमराह स्टाफ एवम, उ नि ओम साहू के थाना छुरिया क्षेत्र मे जुआ , शराब , आदि गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये भ्रमण पर रवाना हुई थी कि दिनांक 04.11.2024 को अवैध शराब बिक्री की मुखबीर सूचना पर ग्राम बरेठटोला पुल के पास पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी की कार्यवाही की गई आरोपी राकेश निर्मलकर पिता गणेश राम उम्र 35 साल साकिन ग्राम नागरकोहरा चौकी चिचोला को 18 पौवा अवैध शराब कीमती 2140/रूपये एवं बिक्री रकम 210/रूपये के साथ पकड़े जाने पर जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा - 34(1) के तहत कार्यवाही कर थाना छुरिया में अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य उप निरीक्षक ओम साहू आरक्षक 160,460,1445 एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।


### अतुल विश्वकर्मा ने निगम आयुक्त का पदभार ग्रहण किया



**राजनांदगांव 4 नवम्बर।** नगर पालिक निगम के नवागत आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज अपरान्ह में पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग,महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रं. एफ-1/52/2024/एक/4 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 28 अक्टूबर 2024 द्वारा श्री अतुल विश्वकर्मा (राप्रसे, पी-2016) संयुक्त कलेक्टर, राजनांदगांव को आयुक्त,नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पद पर अस्थाई रूप से, आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में श्री विश्वकर्मा ने आज अपरान्ह 12 बजे नगर निगम कार्यालय पहुंच कर आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता से पदभार ग्रहण किया एवं नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि पारिवारिक माहोल में मिलजूल कर राजनांदगांव के विकास के लिये कार्य करना है।

### यह ट्रेड यूनियन राज्य इकाई के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाला निकाय है: हैरी जोसेफ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 5 नवंबर।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल की कोर कमेटी का गठन कर लिया गया है। इस पर कमेटी में बृजेश पांडे डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह दयानंद पटनायक जितेंद्र कुमार साहू बृजेश शर्मा अनिल उपाध्याय और संगीता चौहान को दिया गया है। यह जानकारी देते हुए संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हैरी जोसेफ ने कहा कि यह कोर कमेटी ट्रेड यूनियन की राज्य इकाई के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाला निकाय है। श्री जोसेफ ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश बीजेएमटीयुसी कोर कमेटी का गठन ट्रेड यूनियन की राज्य इकाई के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाला निकाय है यह कमेटी ट्रेड यूनियन की नीतियों को राज्य स्तर पर लागू करने, मजदूरों के हितों की नीति बनाने और संगठन को मजबूत करने जैसी जिम्मेदारियों के प्रति कर्तव्य पालन रहेगी। प्रदेश कोर कमेटी का गठन ट्रेड यूनियन के संविधान का पालन- प्रत्येक ट्रेड यूनियन का अपना संविधान होता है जिसमें प्रदेश कोर कमेटी के गठन के लिए नियम और विनियम निर्धारित होते हैं। इन नियमों का सख्ती से पालन किया जाता है। संगठन नेतृत्व का निर्णय- प्रदेश कोर कमेटी के सदस्यों का चयन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किया जाता है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ श्रमिक नेता शामिल होते हैं सदस्यों का चयन- सदस्यों का चयन विभिन्न मानदंडों के आधार पर किया जाता है जैसे कि संगठनके प्रति निष्ठा, संगठनात्मक क्षमता, संगठन में प्रदर्शन आदि। विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कोर कमेटी में विभिन्न क्षेत्रों, जातियों और समूहों के लोगों को शामिल किया जाता है ताकि संगठन का आधार व्यापक हो सके। अधिकार और जिम्मेदारियां- कोर कमेटी को पार्टी के संविधान में निर्धारित अधिकार और जिम्मेदारियां दी जाती हैं। इनमें पार्टी की नीतियों को लागू करना, मजदूर हितों के लिए लड़ना, संगठन को मजबूत करना आदि शामिल होते हैं। कोर कमेटी के कार्य- नीति निर्माण-संगठन की राष्ट्रीय नीतियों को राज्य के संदर्भ में लागू करने के लिए नीतियां बनाना। संगठन का विकास- संगठन को मजबूत करने और नए सदस्यों को जोड़ने के लिए कार्य करना। सरकार के साथ समन्वय- सरकार के साथ समन्वय स्थापित करना और संगठन के एजेंडे को आगे बढ़ाना। मजदूरो के बीच संपर्क- मजदूरो के बीच संगठन की नीतियों का प्रचार-प्रसार करना और उनकी समस्याओं को सुनना। महत्व- प्रदेश कोर कमेटी किसी भी ट्रेड यूनियन के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है। यह पार्टी के राज्य स्तरीय नेतृत्व को प्रदान करती है।

### मुख्यमंत्री का राज्य प्रशासनिक सेवा के पदोन्नत अधिकारियों ने जताया आभार



**रायपुर, 5 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज यहां उनके निवास कार्यालय में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदोन्नत अधिकारियों ने मुलाकात कर उनके प्रति आभार जताया। उल्लेखनीय है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 64 अधिकारियों को प्रवर सेवा वेतनमान पर तथा कनिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 25 अधिकारियों को वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर विगत 28 अक्टूबर को पदोन्नत किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य प्रशासनिक सेवा से श्री प्रणव सिंह, श्री मनीष मिश्रा, श्री नवीन कुमार ठाकुर, सुश्री अभिलाषा पैकरा, श्री विनायक शर्मा, श्री अरुण वर्मा, श्रीमती गीता दीवान, सुश्री अर्चना पांडेय, डॉ. दीप्ति वर्मा, श्रीमती मधु हर्ष, श्रीमती ऋतु हेमनानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**कायस्थ समाज ने धूमधाम से मनाया भाईदूज पर्व**

## छग ओलंपिक एसोसिएशन उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव का किया गया सम्मान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 5 नवंबर।** कायस्थ सभा, राजनांदगांव के तत्वावधान एवं श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव के प्रथम अध्यक्षीय कार्यकाल में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का हवन - पूजन एवं महाआरती के साथ सैकड़ों चित्रांशजनों की उपस्थिति में भाईदूज महापर्व को धूमधाम से मनाया गया। कायस्थ सभा के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भाईदूज पर्व के अवसर पर यानि रविवार को बड़ी संख्या में कायस्थजनों ने जमातपारा स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंचकर अपराह्न 04 बजे आस्था और विश्वास के साथ विद्वान पंडित के मार्गदर्शन में अपने ईष्टदेव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूर्ण विधि-विधान से हवन - पूजन किए द्य

भाईदूज के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री रमेश श्रीवास्तव का कायस्थ समाज राजनांदगांव द्वारा शॉल एवं श्रीफल देकर सामाजिक सम्मान किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में श्री रमेश श्रीवास्तव ने अपने उदबोधन में कहा कि भाईदूज के पावन अवसर पर अपने आपको समाज के बीच सम्माननीत होकर अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा हैं, कायस्थ समाज बुद्धिजीवियों का वो समाज हैं जिन्होंने कई ऊंचे मुकाम तय किए हैं, प्राचीन काल से लेकर आज पर्यन्त तक हर एक क्षेत्र में कायस्थजनों ने अपना लोहा मनवाया हैं, उन्होंने आगे कहा कि राजनांदगांव कायस्थ समाज आज प्रगति के नये - नये सोपान तय कर रहा हैं, नये मंदिर निर्माण से लेकर नये रिद्धि - सिद्धि कॉलोनी स्थित कायस्थ भवन का निर्माण इस बात का प्रत्यक्ष मिसाल हैं, श्री श्रीवास्तव ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि आगामी भविष्य में ऐसे वृहद सामाजिक कार्यक्रम का और आयोजन होने चाहिए जिसमें शहर एवं जिले के हर एक सदस्य शामिल होकर सामाजिक एकता का परिचय दें, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कायस्थ समाज के लिए शासन, प्रशासन एवं निजी स्तर पर जों भी जरूरत होगी वे यथासम्भव मदद करने का प्रयास करेंगे, इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री राजकुमार श्रीवास्तव का भी सम्मान किया गया। भाईदूज के इस विशेष अवसर पर संध्या 08 बजे श्री चित्रगुप्त मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया था इस दौरान वरिष्ठ संरक्षक श्री नंदकुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ संरक्षक श्री कृष्णा गुरूजी, वरिष्ठ संरक्षक श्रीमती इंदु देवी श्रीवास्तव, वरिष्ठ संरक्षक श्री सुरेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ संरक्षक श्री प्रभात बक्शी, वरिष्ठ संरक्षक श्री रोहणीकांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ संरक्षक श्री सतीश चंद्र श्रीवास्तव, अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव, कायस्थ महिला अध्यक्ष श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव, कायस्थ महिला सचिव श्रीमती सीमा श्रीवास्तव के अलावा सैकड़ों की संख्या में कायस्थजन उपस्थित थे। इस भाईदूज महापर्व के अवसर पर महाआरती के पश्चात् अपने ईष्टदेव भगवान श्री चित्रगुप्त जी को 56 भोग वाली महाप्रसादी का भोग चढ़ाया गया।

### नगर निगम की पहल पर बच्चों को मिला क्रिकेट खेलने सुरक्षित स्थान

**रायपुर 5 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी मंशा के



अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के दिशा -निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर की पहल पर राजधानी शहर रायपुर के तेलीबांधा एवं पंडरी एक्सप्रेस वे के नीचे स्थान पर बच्चों और युवाओं को क्रिकेट, वालीबाल, बास्केटबॉल, बेडमिंटन के इंडोर गेम्स खेलने सुरक्षित स्थान उपलब्ध करवा दिया गया है. वहाँ आसपास की बस्ती के बच्चे एवं युवा मल्टी परपस गेम प्लान एरिया में पहुंचकर क्रिकेट खेलकर आनंदित हो रहे है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में राजधानी शहर में तेलीबांधा एवं पंडरी एक्सप्रेस वे के नीचे के स्थान में सुरक्षित तौर पर क्रिकेट, बेडमिंटन, वालीबाल, बास्केटबॉल के इंडोर गेम्स खेलने मल्टी परपस गेम जोन एरिया बनाया गया. वहाँ पहुंचकर आसपास की बस्तियों के बच्चे एवं युवा क्रिकेट अपने साथियों सहित खेलकर आनंदित हो रहे है। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने वहाँ पहुंचकर बच्चों एवं युवाओं से चर्चा की एवं उनका उत्साह वर्धन किया. वहाँ संध्या के समय प्रकाश व्यवस्था नगर निगम द्वारा दी गयी है, जिससे संध्या के पश्चात भी बच्चे एवं युवा क्रिकेट खेलकर आनंद उठाते दिखते है। आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने अधीक्षण अभियंता श्री राजेश राठौर को तेलीबांधा एवं पंडरी की तर्ज पर कचना ओवरब्रिज एवं फाफाडीह एक्सप्रेस वे के नीचे बच्चों एवं युवाओं को शीघ्र मल्टी परपेस गेम प्लान एरिया विकसित करने की कार्य योजना पर प्रस्ताव तैयार कर कार्य करवाने के निर्देश दिए है। पंडरी एवं तेलीबांधा एक्सप्रेस वे के नीचे बच्चों एवं युवाओं के लिए क्रिकेट, बास्केटबॉल, वालीबाल, बेडमिंटन के इंडोर गेम्स खेलने सुरक्षित स्थान देने मल्टी परपस गेम प्लान एरिया विकसित करने कार्य रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार पूर्ण करवाया गया है।

## संपादकीय

# बड़ा नेता वही, होता है जिसका लक्ष्य बड़ा

वक्त बदलता रहता है, वक्त किसी के लिए रुकता नहीं ही, जो राज्य वक्त के साथ चलते हैं, वह समय के अनुसार विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ते हैं। जो वक्त के अनुसार नहीं चलते हैं, वह विकास की दौड़ में पिछड़ जाते हैं, जो विकास की दौड़ में पिछड़ जाते हैं,वह पीछे ही रह जाते हैं। छत्तीसगढ़ भी देश के सबसे पिछड़े क्षेत्र में गिना जाता था। छत्तीसगढ़ राज्य की मांग आजादी के बाद से की ही इसलिए जा रही थी कि ताकि छत्तीसगढ़ देश के अन्य क्षेत्रों की तरह तेजी से विकास करें, खुशहाल व समृध्द राज्य बने, यहां के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। आजादी के बाद से छत्तीसगढ़ राज्य की मांग कई नेताओं ने समय समय पर उठाई लेकिन उस वक्त एक राजनीतिक परिवार ऐसा था जो नहीं चाहता था कि छत्तीसगढ़ अलग राज्य बने, वह तो चाहता था कि छत्तीसगढ़ हमेशा मप्र का एक हिस्सा बना रहे और वहां उनका राजनीतिक साम्राज्य बना रहे। बरसों तक छत्तीसगढ़ इसी वजह से एक राजनीतिक परिवार का साम्राज्य बना रहा। अलग छत्तीसगढ़ की मांग आने वाले बरसों में छत्तीसगढ़ की जनता की मांग बन गई और अब उसे रोक पाना किसी के बस की बात नहीं रही। हुआ भी ऐसा। 2000 में तब के पीएम अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ के लोगों का अलग राज्य का सपना साकार किया। अब छत्तीसगढ़ के लोग जैसा विकास चाहते थे, वैसा विकास हो सकता था, यहां नेता जैसे छत्तीसगढ़ का सपना देखना चाहते थे, वैसा सपना देख सकते थे, उसे साकार करने का प्रयास कर सकते थे।छत्तीसगढ़ के साथ ही यूपी में उत्तराखंड व बिहार में झारखंड भी अलग राज्य बनाया गया। तीनों राज्यों का निर्माण एक साथ हुआ लेकिन आज तीनों की तुलना की जाए तो छत्तीसगढ़ ने दोनों राज्यों से ज्यादा विकास किया है। हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। राज्य की आर्थिक स्थिति दोनों राज्यों की तुलना बेहतर है।विकास के कई मानकों में छत्तीसगढ़ की गिनती टाप टेन के राज्यों में होती है। शिक्षा,स्वास्थ्य,परिवहन, हवाई सेवा,रेलसेवा, रोजगार, औद्योगिक विकास हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने 24 वर्षों में खूब तरक्की की है। आज छत्तीसगढ़ 24 वर्ष पूरे कर 25 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है तो यह एक ऐतिहासिक अवसर है, यह सोचने का समय है कि अगले 25 साल में छत्तीसगढ़ का विकास कैसा होना चाहिए। जब देश में एक बड़ा नेता होता है, जब देश का नेतृत्व एक बड़ा नेता करता है तो वह देश के लिए बड़े सपने देखता है, देश के लोग भी बड़े सपने देखते हैं। देश के नेता भी बड़े सपने देखते हैं। आजादी के 75 वें साल में मोदी ने देश को विकसित भारत बनाने का सपना देखा है, और 25 साल में वह सब करने की योजना बनाई है जिससे अगले 25 साल में देश विकसित भारत बन सके।विकसित भारत का सपना तो देश के अन्य नेता भी 75 साल में देख सकते थे लेकिन किसी ने देखना तो दूर सोचा तक नहीं कि भारत को विश्व के अन्य देशों की तरह विकसित भारत बनाना है। 2014 में पीएम मोदी ने आने के बाद देश के लिए बड़े बड़े सपने देखने शुरू किए और उनको साकार करने का काम किया। उसी का परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ में भाजपा भी बड़ा सपना देख रही है, विकसित छत्तीसगढ़ का। यह सपना तो कांग्रेस सरकार भी देख सकती थी लेकिन उनका नेता पार्टी को लोकसभा का एक चुनाव ही नहीं जिता पा रहा था इसलिए वह बड़े सपने देख ही नहीं पा रहा था, उसकी खामी यही थी कि दूसरे को सत्ता से कैसे हटाना है यही सोचता रहा, जबकि मोदी ने सत्ता पर कैसा बने रहना है, सोचा, जनता के लिए देश के लिए काम किया और वह तीन चुनाव जीतकर सत्ता में बने हुए है और हर पांच साल में वह और बड़े सपने देख रहे है, यह उनका ही असर है कि छत्तीसगढ़ के सीएम भी विकसित छत्तीसगढ़ का सपना देख रहे है और उसे पूरा करने में जुटे हुए हैं। अभी तो सरकार को एक साल भी नहीं हुआ लेकिन कुछ महीनों में ही साय सरकार ने वह सब वादे पूरे कर दिए हैं जो उसने चुनाव में जनता से किए थे। अभी साय सरकार के पास चार साल का समय है, वह इतने समय में छत्तीसगढ़ में बहुत सारे ऐसे काम कर सकती है जो पिछली सरकारों ने नहीं किया। किसी भी राज्य में विकास का सिलसिला चलता रहता है, सरकारे आती रहती हैं, जाती रहती हैं,सब अपने हिसाब से राज्य के विकास के लिए सपने देखतीं हैं, उसे पूरा करने का प्रयास करती हैं। अजीत जोगी सरकार को तीन साल का समय मिला,यह कम समय था, फिर भी उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए उस समय जो संभव था, वह किया और राज्य के लिए सपने देखे, उसके बाद रमन सिंह का समय आया। रमन सिंह को जनता ने तीन बार मौका दिया यानी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए राज्य की जनता ने सबसे ज्यादा समय रमन सिंह को दिया। रमन सिंह ने 15 सालों में छत्तीसगढ़ के विकास की नींव डाली। बहुत सारे काम किए जो किसी नए बने राज्य में करने होते हैं। हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पिछड़ा हुआ था, रमन सिंह ने इन 15 सालों में छत्तीसगढ़ का विकास हर क्षेत्र में करने का प्रयास किया। उनका विशेष काम जो राज्य की जनता हमेशा याद रहेगा वह था सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करना ताकि राज्य में हर घर को राशन मिले,कोई भूखा न सोए। यह उस वक्त की जरूरत थी, जो कुछ रमन सिंह के समय संभव था, उन्होंने किया। छत्तीसगढ़ ने आज जितना विकास किया है, उसका बहुत सारा श्रेय रमन सिंह को जाता है। रमन सिंह के बाद राज्य की जनता ने भूपेश बघेल को मौका दिया। उन्होंने अपने समय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का सपना देखा, योजनाएं बनाई और मजबूत करने का प्रयास किया। आज राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत है तो उसका श्रेय भूपेश बघेल की सरकार को जाता है। उनके समय में छत्तीसगढ़ी लोककला व संस्कृति को भी बहुत बढ़ावा मिला। इससे उनकी पहचान एक छत्तीसगढ़िया सीएम की बनी। वह चाहते तो बड़ा सपना देख सकते थे लेकिन वह गांवों के विकास तक ही सोचते रह गए। इससे छत्तीसगढ़ का विकास तो हुआ लेकिन वह पूरा विकास नहीं माना जाता है।

राज्य स्थापना विशेष

आशीष सिंह

# राज्य पुनर्गठन और पं. रविशंकर शुक्ल

**छत्तीसगढ़ः 25 वें वर्ष में, राज्य आंदोलन की यात्रा-3**

कल नागपुर विधान सभा में छत्तीसगढ़ अथवा गोंडवाना प्रदेश के गठन के समर्थन में ठाकुर रामकृष्ण सिंह का भाषण प्रस्तुत किया गया था, आज मध्य प्रदेश के निर्माण के पक्ष में तत्कालीन मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल का प्रस्ताव भाषण-

इस प्रस्ताव के प्रस्तुत करने में मुझे कुछ खेद है और कुछ हर्ष भी। खेद मुझे इसलिए है कि जिनके साथ हमने पिछले 95 वर्ष से अधिक समय गुजारे हैं, उनसे अब अलग होना पड़ रहा है। और हर्ष इस बात का है कि राष्ट्रीय हित को सामने रखकर एक महान तथा विशाल प्रांत का निर्माण होने जा रहा है। इसलिए इस नये राज्य के बन जाने पर मुझे खुशी है। हम और आप सभी इस को जानते हैं, कि देश बनते हैं और बिगड़ते हैं, बहुत पुराने इतिहास में मैं नहीं जाना चाहता लेकिन उसकी थोड़ी सी चर्चा यहां कर देना मैं आवश्यक समझता हूँ। इस ऐतिहासिक महत्व के समय कुछ बातें आपके सामने रख देना मेरा कत्तव्य हो जाता है । पहले जमाने में बख्त बुलंदशाह नाम के गोंड राजा ने आकर नागपुर बसाया था और अपने साथ बहुत से कारीगर आदि लाकर उसने इस राजधानी को सुंदर बनाने का प्रयत्न किया। उसके पश्चात यहां भोंसलों का राज्य हुआ जिनके अंतर्गत इस राज्य की दिन-दुगुनी रात चौगुनी प्रगति हुई। लेकिन सन् 1861 में उनकी सत्ता का भी अंत हुआ और अंग्रेजों का राज्य कायम हुआ। उस समय इसमें नर्मदा तथा सागर टेरीटरी मिलाकर प्रांत बनाया गया था। कुछ दिन बाद उसमें बरार शामिल हो गया। पहिले कुछ वर्ष तो हमने इस बरार के हिस्से का प्रबंध केंद्रीय शासन के एजेंट की हैसियत से किया लेकिन सन् 1903 से तो वह हमारे साथ शामिल कर दिया गया और उसके पश्चात सन् 1947 में वह हमारा एक अंग ही बन गया। इसके पश्चात सन् 1948 में 1 जनवरी 1948 से इस प्रदेश में छत्तीसगढ़ की सब रियासतें तथा मकड़ाई रियासत मिला दी गई। इस प्रकार देश के सभी विभागों में जहां-जहां रियासतें थी, वहां वहां शासन की सुविधा को ध्यान में रखकर कहीं तो उनको किसी प्रांत के साथ मिला दिया गया और कहीं उन्हीं की 10 या 20 रियासतें मिलाकर एक अलग प्रांत का निर्माण कर दिया गया। इसी प्रकार ये रियासतें इस प्रदेश में मिला दी गई। हमारे यहां सरगुजा, रायगढ़ तथा बस्तर के अलग जिले तीन-तीन रियासतों को मिलाकर बना दिये गये और शेष रियासतों को उनके पास के जिलों में विलीन कर दिया गया तथा मकड़ाई को होशंगाबाद जिले में। इस प्रकार जो नया मध्यप्रदेश बना था वह क्षेत्रफल के हिसाब से पहिले भी सारे भारत वर्ष में सबसे बड़ा था और अब जो प्रस्तावित मध्यप्रदेश है वह भी सबसे बड़ा बनने वाला है। रियासतों को इस प्रकार मिलाकर देश की एकता कायम करने तथा देश को संगठित कर मजबूत बनाने के इस महान कार्य के लिए सरदार पटेल का नाम इतिहास में सदैव बड़े सम्मान के साथ लिया जायेगा। किंतु उस जमाने में जिस प्रकार सुविधा दिखी उसके अनुसार प्रांत रचना की गई थी। सारे देश को सामने रख कर वह विभाजन नहीं किया गया था। इस बात को इसके पहिले भी सोचा गया था कि देश को नये ढंग से प्रांत रचना की आवश्यकता है। इसलिए सन् 1953 में एक कमीशन नियुक्त किया गया। इस कमीशन की नियुक्ति इसलिए नहीं की गई थी कि केवल भाषा के आधार पर राज्य बनाना है किंतु उसमें प्रशासनिक, आर्थिक सुविधा और भी अनेक बातें थीं जिन सब पर विचार करने के आदेश उनके टर्म्स आफ रेफरेन्स में दिये गये थे इसलिए उन्होंने कहीं बड़ी स्टेट बनाई और कहीं छोटी स्टेट बनाई। हमारा जो नया मध्यप्रदेश बन रहा है वह तो बहुत ही बड़ा बन रहा है। इस नये मध्यप्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर तथा और भी कई छोटी छोटी रियासतें सम्मिलित हैं। पहले इंदौर, ग्वालियर और कई छोटी छोटी रियासतों को मिलाकर मध्यभारत प्रांत बनाया गया था और जो सेन्ट्रल इंडिया की स्टेट्स थी उनका विंध्यप्रदेश बना था। भोपाल तो 5 वर्ष के लिए बना था। इन



सबको रखना कमीशन ने मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने यह समझा कि ऐसे प्रदेश में इन सबको शामिल कर दिया जाय जो कि सन् 1861 से व्यवस्थित रूप से चल रहा है और इंदौर, ग्वालियर आदि मध्यप्रदेश की सब रियासतों, भोपाल और विंध्यप्रदेश को मिलाकर मध्यप्रदेश नाम का बड़ा प्रदेश बनाया जिसका कारण उन्होंने अपने प्रतिवेदन में दिया है। थोड़ा बहुत झगड़ा जो रह जाता था वह राजधानी के संबंध में है। इसलिए उन्होंने अपने प्रतिवेदन में यह सुझाव दिया था कि जबलपुर को राजधानी बनाया जाय। फिर भी हम लोग चाहते हैं कि सब जगहों को देख लेना चाहिए और जो जगह सबसे अधिक उपयुक्त हो उसे ही राजधानी बनाना चाहिए। इसीलिए मैंने इस प्रस्ताव में एक्सपर्ट कमेटी का नाम दिया है। यह एक्सपर्ट कमेटी सब स्थानों को देख कर राजधानी के संबंध में अपना निर्णय दे। हमारा यह मंतव्य नहीं है कि जबलपुर ही राजधानी हो, वैसे तो जबलपुर, राजधानी के लिए काफी उपयुक्त है, फिर भी कमेटी सब स्थानों को देख कर राजधानी का निर्णय करे। राजधानी भोपाल में भी हो सकती है, इंदौर में भी हो सकती है, ग्वालियर में भी हो सकती है, रीवां में भी हो सकती है, जबलपुर भी हो सकती है और रायपुर में भी हो सकती है। कहीं भी राजधानी बना दी जा सकती और यह जो झगड़े का प्रश्न है इसका निर्णय केवल हम लोग नहीं कर सकते लेकिन यह जो कमेटी है वह सब जगहें देखकर निर्णय कर देगी। हम जहां तक समझते हैं, जबलपुर काफी उपयुक्त स्थान है, इसमें कोई शक नहीं है। हमने प्रस्ताव में यह कमेटी बनाने को इसलिए कहा है कि बाद में किसी को यह कहने को न रहे कि हमसे पूछा नहीं। जबलपुर राजधानी के लिए उपयुक्त होते हुए भी इस तरह का प्रस्ताव रखा जिसमें किसी को कहने को न रहे कि हमारी बात किसी ने सुनी नहीं, बिना सुने ही केंद्रीय सरकार ने निर्णय कर दिया। हमारा जो प्रस्ताव है वह इस तरह का है कि एक दूसरे के विरोध में जो बहुत सी बातें कही जा सकती हैं वे कम हो जाये। अर्थात हम सब लोग सहयोग से काम कर सकें इसीलिए यह प्रस्ताव रखा गया है। कमीशन के प्रतिवेदन में विदर्भ अलग प्रदेश बना दिया गया है। फिर भी हम चाहते हैं कि महाराष्ट्र बड़ा प्रदेश बनाने वाले हैं तो विदर्भ के लोगों को कोई शिकायत न रह जाय। विदर्भ के लोगों को निमंत्रित कर लिया जाय और उनकी राय जान ली जाय और जो लोग हैं, उनकी जो इच्छा है वह भी प्रगट हो जाय तो अच्छा है। एक तरीका लोगों की इच्छा प्रगट करने का इस सभा भवन में मिलता है क्योंकि यहां पर 8 जिले के प्रतिनिधि मौजूद हैं और हम लोग भी मौजूद हैं। यहां पर जो प्रस्ताव रखा गया है वह इसी दृष्टिकोण से रखा गया है कि विरोध की मात्रा जो है वह बहुत कम हो जाय और दोनों बैठकर आपस में निर्णय कर लें कि हमको कौन सा प्रदेश बनाना है। इस समय में यही कहूँगा कि संविधान में जो कुछ दिया है उसके अनुसार संसद में कानून बनेगा। उसके द्वारा ही ये प्रदेश बन सकते हैं, मिट सकते हैं, बढ़ सकते हैं और कम हो सकते हैं, इस तरह का संविधान का संविधान के अनुच्छेद 3 में निश्चित रूप से निर्देश है । हमारे जो राष्ट्रपति हैं उनके द्वारा, पार्लियामेंट में एक बिल भेजा जायगा लेकिन राष्ट्रपति महोदय को सारे प्रदेश की क्या क्या राय है यह मालूम हो जानी चाहिए। इसीलिए यह सभा बुलाई गई है हमारे प्रदेश के प्रतिनिधियों की प्रारंभिक राय जानने के लिए आज यह विधानसभा का अधिवेशन बुलाया गया है इसलिए हमारे प्रतिनिधि जो कुछ उचित समझें उसे इस सदन के सामने रखें। इस समय मुझे कुचछ अधिक कहने की आवश्यकता नहीं, जब बहस हो जायेगी उसके बाद अगर आवश्यकता होगी तो कुछ कहूंगा। मैं अपने मित्रों से एक बात कहना चाहता हूँ कि यहां पर जो भाषण हों वे बहुत संयम के साथ हों तो मुझे बहुत खुशी होगी और इस सभा का जो मान है वह भी बहुत ऊंचा उठेगा। हम यहां ऐसी भी बात न कहें जिससे एक दूसरे को दुख पहुंचे। हम तो भाई भाई हैं इतने वर्षों से साथ साथ रहे हैं। इतने वर्षों तक हमें मित्रता का भाव और सहयोग का भाव रहा है। वह भाव आगे भी कायम रहना चाहिए। देश के हम अंग हैं और जब सब अंग एक दूसरे के प्रति सद्भावना रखेंगे तभी हमारा काम अच्छी तरह से चलेगा। हम सबको मिलकर इस देश को ऊंचा उठाना है। देश की एकता और ताकत के लिए यह आवश्यक है कि हम सब एक दूसरे से मिलकर सद्भावना से काम करें।

**(सी.पी. एंड बरार नागपुर विधान सभा, दिनांक 21 नवंबर, 1955 को राज्य पुनर्गठन विधेयक पर हुई चर्चा। हरि ठाकुर के संग्रह से।)**

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। नौकरी में भी आप यदि बदलाव करना चाहते हैं, तो वह भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका कोई मित्र आपके लिए किसी निवेश संबंधी योजना को लेकर आ सकता है, जिसमें आप बहुत ही सोच समझकर निवेश करेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आप कुछ जरूरी कामों को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं। आपके जीवनसाथी आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर आपको परेशानी रहेगी और भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आप अपने जरूरत के खर्चों को ही करें और अपने बेफिजूल के खर्चों पर लगाम लगाएं। आपका किसी पुराने विरोधी से लड़ाई-झगड़ा होने की संभावना है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको अपने पिताजी से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए किसी उलझन भरे कामों को करने को करने से बचने के लिए रहेगा। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है। व्यापार में कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। आप यदि किसी व्यर्थ के वाद-विवाद में पड़े, तो इससे आपको समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। आपका परिवार में किसी सदस्य से यदि मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगा। किसी सदस्य के विवाह में आ रही समस्या भी आपके किसी मित्र की मदद से दूर होती दिख रही है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए किसी लेनदेन पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद में आपको जीत मिलेगी। आपका विश्वास भरपूर रहेगा। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दे, नहीं तो आपकी कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या बढ़ सकती है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझेंगे। आपसे कुछ बेवजह का लड़ाई-झगड़ा हो सकता हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा और कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर सावधान रखना होगा। आपको किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको मन मुताबिक लाभ मिलेगा। यदि आप किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी और आपको धन संबंधित किसी से कोई समस्या नहीं होगी। आपके पिताजी आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश करना आपके लिए अच्छा रहेगा। संतान की तरक्की करते देख आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका कामों को लेकर मनोबल ऊंचा रहेगा। आप प्रत्येक कार्य को करने के लिए तत्पर रहेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको व्यापार में किसी सहयोगी से कोई बातचीत बहुत ही देखभाल कर करनी होंगी। आपको अपने खान-पान पर नियंत्रण रखना होगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। आप किसी वाद-विवाद से दूर रहे, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है। राजनीतिक की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको काम की अधिकता रहने के कारण आप परेशान रहेंगे और किसी काम के चलते आपको अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप किसी दूसरे के मामले में यदि बोले, तो आप बेवजह वाद-विवाद में फंस सकते हैं। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो आप उसे भी काफी हद तक उतारने की कोशिश करेंगे, जिससे आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहने रहेगा। आपके स्वास्थ्य में समस्याओं को यदि आपने नजरअंदाज किया, तो बाद में वह कोई बड़ी समस्या बन सकती है। आपके मन में खुशियां बनी रहेंगी आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों में ढील बिल्कुल न दें, नहीं तो परिवार के सदस्य आपसे नाराज रहेंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको कोई बड़े उपलब्धि हासिल हो सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए प्रेम सहयोग की भावना लेकर आएगा। आपको ऑफिस के कामों को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। यदि ऐसा हो, तो आपको उन्हे मनाने की कोशिश करनी होगी। परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर आप कुछ पारिवारिक कामों को लेकर बातचीत करेंगे। आपके परिवार में बड़े सदस्य कोई सलाह दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आप किसी अजनबी से धन का लेन-देन ना करें, नहीं तो इसमें आपका धन फंसने की संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने रहने वाला है। आपको बिजनेस में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा, जिससे आपको निराशा हो सकती है। परिवार में संपत्ति को लेकर भाइयों में कोई मनमुटाव होने की संभावना है। यदि ऐसा हो, तो आप उसमें अपने पिताजी से राय अवश्य लें। आपके मन में शांति बनी रहेगी। आपको अपने स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी से बेवजह न उलझें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने के योग बनते दिख रहे हैं। यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट चल रहा था, तो उससे भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। परिवार में कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए आप चुप रहें, तो ही बेहतर रहेगा। आप यदि किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें आपको वाहन सावधानी से चलाने की आवश्यकता है.

## भाई दूज का त्योहार

कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाया जाने वाला भाई दूज का त्योहार भाई - बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। मान्यता है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को आदर सत्कार के साथ भोजन कराया था।



यमराज की वरदान के अनुसार जो व्यक्ति इस दिन यमुना में स्नान करके यह का पूजन करेगा मृत्यु के पश्चात उसे यमलोक में नहीं जाना पड़ेगा। यह भी पौराणिक मान्यता है यदि बहनें शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक करती हैं तो भाइयों की उम्र लंबी होती है और भाई-बहन दोनों के जीवन में सुख - समृद्धि का वास होता है। भाई दूज का त्योहार प्रति वर्ष कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया व भ्रातृ द्वितीया भी कहते हैं। इस दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाती हैं और नारियल व चावल देकर उनकी लंबी उम्र व खुशहाली की कामना करती हैं। भाई भी उन्हें उपहार देते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण ने राक्षस नरकासुर का वध कर अपनी बहन सुभद्रा से मुलाकात की थी। इस दौरान सुभद्रा ने श्रीकृष्ण का तिलक किया और माला अर्पित कर उनका स्वागत किया। साथ ही उन्हें मिठाई खिलाई। सुभद्रा ने अपने भाई की दीर्घ आयु के लिए कामना की। धर्म ग्रंथों में भाई दूज की इस कथा का उल्लेख मिलता है। एक और प्रचलित कथा के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान यम अपनी बहन यमुना से मिले थे, उस समय माँ यमुना ने यम देवता का आदर-सत्कार किया और उन्हें भोजन कराया। इससे यम देव अति प्रसन्न हुए। उन्होंने वचन दिया कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर जो कोई अपनी बहन से मिलने उनके घर जाएगा। उस व्यक्ति की हर मनोकामना अवश्य ही पूरी होगी। साथ ही सुख और सौभाग्य में भी वृद्धि होगी। यमराज ने यमुना को अमूल्य वस्त्राभूषण देकर तथास्तु कहा और यमलोक के लिए प्रस्थान किया। तभी से भाई दूज मनाने की शुरूआत हुई।

**हेमलता जायसवाल**

## खून की कमी के लक्षण

अगर आपके शरीर के अंदर खून की कमी पैदा हो जाए तो आपकी सेहत बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। आइए खून की कमी के दौरान शरीर में दिखाई देने वाले कुछ लक्षणों के बारे में जानते हैं। खून की कमी की वजह से आप गंभीर बीमारियों की चपेट में भी आ सकते हैं। अगर आप अपनी सेहत को मजबूत बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको अपने शरीर में पैदा हुई खून की कमी को जल्द से जल्द दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। क्या आप खून की कमी के लक्षणों के बारे में जानते हैं? अगर नहीं, तो आज हम आपको कुछ ऐसे लक्षणों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें नजरअंदाज करने की गलती आपके ऊपर भारी पड़ सकती है। शरीर में खून की कमी पैदा होने की वजह से आपको सांस फूलने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

विदेश

ललित गर्ग

# भारत विरोधी खालिस्तानियों को ट्रूडो सरकार की शह



कनाडा भारत विरोधी गतिविधियों एवं खालिस्तानी अलगाववाद को पोषण एवं पल्लवन देने का बड़ा केन्द्र बनता जा रहा है। खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शनकारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। जानबूझकर मन्दिर पर किये इन हमलों की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि कायराना एवं शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी। निश्चित ही खालिस्तानी पृथकतावादियों को खुली छूट देकर ट्रूडो सरकार दोनों देशों के आपसी संबंधों में कडवाहट घोल रहे हैं। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बनाने के लिये ऐसे संकीर्ण, विघटनकारी एवं स्वार्थी राजनीतिक हथकंडों को अपनाकर अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी चला रही है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य अनिवार्य शर्त भी है।

निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। राजनीतिक स्वार्थों के लिये प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का सहारा लेकर भारत की एकता और अखंडता को खण्डित करने पर तूले हैं, वे खालिस्तानी अतिवादियों को बेलगाम करके खूद के लिये भी खतरा मोल ले रहे हैं, वे यह समझने को तैयार नहीं कि खालिस्तान समर्थक भारत के साथ-साथ कनाडा के लिए भी खतरा बन सकते हैं। वे पहले से ही ड्रग्स और हथियारों के साथ मानव तस्करी में लिप्त हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि कनाडा की नागरिकता लिए खालिस्तानी अतिवादी खालिस्तान का कितना ही शोर मचाएं, भारत में उसका कहीं कोई समर्थन नहीं और भारत की एकता पर उसका तनिक भी असर नहीं होने वाला है। गौर करने वाली बात यह है कि ट्रूडो के मुकाबले इस घटना की ज्यादा कड़ी निंदा कनाडा के ओंटारियो सिख ऐंड गुरुद्वारा कौंसिल ने की है। वैसे यह भी ध्यान रखना होगा कि मंदिरों में जिन पर हमला हुआ, वे भी कनाडा के ही नागरिक हैं। जस्टिन ट्रूडो ने जितनी सक्रियता खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले में दिखाई, उतनी इस मामले में भी दिखाते, तो शायद चीजें बदल सकती थीं, जो उनके लिये ज्यादा राजनीतिक लाभकारी होती। यह एक विडंबना ही है कि कुछ दशक पहले तक खालिस्तान के जिस पागलपन ने भारत को काफी परेशान किया था, पंजाब एवं समूचा देश लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा और अब जब भारत से उसका नामो-निशान तक मिट चुका है, तो कनाडा में उसे जोर-शोर से पाला-पोसा जा रहा है। मामला सिर्फ इतना नहीं है, कनाडा अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी दूसरे देश के खिलाफ होने दे रहा है, तो इस पर पूरी विश्व बिरादरी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। हम सीमा पार आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तानी दंश को लंबे अरसे से भोगते रहे हैं और अब कनाडा में जो हो रहा है, वह भी एक तरह से सीमा पार अलगाववाद फैलाना ही है। भारत को कनाडा के साथ अमेरिका के रवैये पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि वह गुरपतवंत सिंह पन्नू को खुले तौर पर संरक्षण दे रहा है। भारत के खिलाफ विदेश की धरती से हो रहे इन षड़यंत्रों एवं साजिशों को गंभीरता से लेना होगा।



पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। इस नतीजे पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि कनाडा के साथ अमेरिका की भी नागरिकता लिए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कुछ दिनों पहले यह धमकी दी थी कि कनाडा के हिंदुओं को दीवाली नहीं मनाने दी जाएगी। इस धमकी के बाद भी यदि खालिस्तानी चरमपंथी हिंदू मंदिर में धावा बोलने आ गए तो इसका यही मतलब निकलता है कि कनाडा सरकार का उन पर लगाम लगाने का कोई इरादा नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के प्रमुख विपक्षी दल के नेता ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाए जाने की निंदा की, लेकिन इनमें से किसी ने भी खालिस्तान समर्थकों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं समझा, इससे स्पष्ट है कि कनाडा सरकार खालिस्तानियों को खुला समर्थन कर रही है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मयार्दा की सीमाएं लांघते हुए भारत सरकार पर अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। कनाडा सरकार इसके कोई ठोस प्रमाण न देकर खुद को ही हंसी का पात्र बनाया। खालिस्तान समर्थक अतिवादी तत्वों ने हिंदू मंदिर परिसर में भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक शिविर को भी निशाने पर लिया। इस शिविर में बड़ी संख्या में सिख भी मौजूद थे। साफ है कि खालिस्तान समर्थक कनाडा में रह रहे हिंदुओं के साथ सिखों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने जिस हिंदू मंदिर को निशाना बनाया, उसमें सिख भी आते हैं। इन सभी जगहों पर भारतीय उच्चायोग ने पेंशन पाने वाले भारतीयों को जीवन प्रमाणपत्र बांटने के लिए शिविरों का आयोजन किया था। कनाडा में इस तरह के शिविर लगाने की परंपरा पुरानी है। कनाडा में कई बार मंदिरों की दीवारों पर भारत विरोधी नारे भी लिखे जा चुके हैं। खालिस्तानियों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं होने से उनका दुस्साहस बढ़ रहा है। भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए कि कनाडा में भारतीय मूल के लोगों और धार्मिक स्थलों को खालिस्तानी अतिवादी तत्वों की ओर से आगे भी निशाना बनाया जा सकता है, क्योंकि वहां कुछ माह बाद आम चुनाव होने हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि इन चुनावों में अपनी राजनीतिक दशा सुधारने के लिए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो एक विघटनकारी खेल खेल रहे हैं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कोई देश उस अतिवाद को कैसे पलने दे सकता है। ऐसी अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कार्रवाई से जस्टिन ट्रूडो की सरकार का संकट ही बढ़ेगा और वे और उनके दल का अगले चुनाव में सफाया हो जाने की पूरी आशंका है।

## एक नजर

### विधायक चैतराम अटामी राज्य स्थापना दिवस समारोह में होंगे मुख्य अतिथि



**सुकमा, 5 नवंबर।** राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण की सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम सुकमा में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दंतेवाडा विधायक श्री चैतराम अटामी मुख्य अतिथि होंगे।

### राज्योत्सव में सांसद भोजराज नाग होंगे मुख्य अतिथि

उत्तर बस्तर कांकेर 5 नवम्बर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राज्योत्सव-2024 का आयोजन शासकीय नरहरदेव विद्यालय मैदान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशाराम नेताम, अंतागढ़ विधायक श्री विक्रम उसेण्डी, भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष श्री हेमनारायण गजबल्ला और नगरपालिका कांकेर की अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर मौजूद रहेंगी। राज्योत्सव के तहत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के द्वारा विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया जाएगा। इसके अलावा शाम 06 बजे से स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही म्युजिकल ग्रुप कांकेर, अकॉर्डियन वादन रायपुर सहित अन्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### रेडक्रॉस की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 13 नंवबर को

**कांकेर 5 नवंबर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा के आदेशानुसार जिला शाखा कांकेर में प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जिला शाखा के सदस्यों की अंतिम रूप से प्रकाशित सूची तैयार हो चुकी है। जिले में पंजीकृत संरक्षण, उप संरक्षक व आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि कलेक्टर और अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के आदेशानुसार 13 नंवबर को 11 बजे से पीएम नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। उक्त बैठक में जिला प्रबंध समिति के गठन की कार्रवाई की जाएगी।

### बस्तर संभाग में शुष्क हवा के कारण रात में बढ़ने लगी ठंड

**जगदलपुर 5 नवंबर।** बस्तर संभाग में मौसम का मिजाज बदल रहा है, शुष्क हवाओं के कारण रात में अब ठंड बढने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अभी मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। नवंबर में बारिश की गतिविधि सामान्य से कम रहने की संभावना है। जगदलपुर शहर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 17.6 डिग्री दर्ज किया गया। रात का पारा सामान्य से डेढ़ डिग्री ज्यादा था। बताया जा रहा है कि अभी उत्तरी हवाओं के प्रभाव के चलते न्यूनतम तापमान आने वाले दिनों में तेजी से नीचे जाएगा। नवंबर अंत तक न्यूनतम तापमान 12 से 13 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। बस्तर जिला मुख्यालय में गुलाबी ठंड के बढने़ के साथ ही मार्निंग वाक में निकलने वालों की संख्या बढने़ लगी है। वहीं बस्तर संभाग के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों धान की कटाई जारी है, इस बीच सुबह घने कोहरे के साथ ठंड बढने़ से कटाई के काम कुछ देरी से शुरू शो रहा है। रात में ठंड महसूस हो रही है, लेकिन दिन में गर्मी का अहसास बना हुआ है।

### मोतियाबिंद कांड के बाद एचआईव्ही पॉजिटिव मरीज को जिला अस्पताल ने नेगेटिव रिपोर्ट थमा दी

**दंतेवाड़ा 5 नवंबर।** जिला अस्पताल में अभी मोतियाबिंद कांड का मामला शांत भी नही हुआ है, वहां एक और गंभीर मामला सामने आने के बाद पुन- दंतेवाड़ा जिला अस्पताल सुर्खियां बटोर रहा है। जिला अस्पताल के हमर लैब में एचआईव्ही पॉजिटिव मरीज को नेगेटिव रिपोर्ट थमा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के हमर लैब में एचआईव्ही पॉजिटिव मरीज को गलत रिपोर्ट थमाकर निगेटिव बता दिया गया, जबकि, सच्चाई यह है कि मरीज बीते पांच वर्षों से एआरटी लीक से एड्स की दवाइयां ले रहा है। इस मामले की शिकायत स्वयं एचआईव्ही पॉजिटिव मरीज ने दंतेवाड़ा कलेक्टर से लिखित में की है। इस पूरे मामले में जिला के स्वास्थ्य विभाग ने सभी लैब टेक्नीशियन सचिन मसीह, एमन ठाकुर, विजय सिन्हा, मंजू साहू, शिवानी और शार्दूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पीड़ित मरीज ने प्रशासन को लिखे पत्र में बताया है कि जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में एचआईवी और वीडीआरएल की जांच पर गलत रिपोर्ट थमाई जा रही है। मरीज ने लिखा कि मैं बीते पांच वर्षों से एचआईवी पॉजिटिव हूं, जिसके लिए एआरटी लीक से दवाई भी ले रहा हूं, लेकिन, जिला अस्पताल में इलाज के दौरान ओपीडी में ब्लड सैम्पल लेकर जांच के लिये हमर लैब में भेजा गया।

### कार व स्कूटी की टक्कर में 2 युवकों की मौत, 1 गंभीर

**जगदलपुर 5 नवंबर।** नगरनार थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरनार चौक के पास शुक्रवार देर रात 12-15 बजे कार और स्कूटी की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि स्कूटी में सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं स्कूटी सवार एक अन्य युवक घायल है। घटना के बाद नगरनार थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान ने बताया कि कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है, वही आगे की कार्यवाही की जा रही है। आज शनिवार सुबह दोनो मृतक युवकों के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरीगुड़ा सेमरा के रहने वाले 3 युवक नगरनार डोगरीगुड़ा निवासी जय कश्यप, लखीराम मौर्य व एक अन्य युवक स्कूटी में सवार होकर नगरनार की तरफ जा रहे थे।

# राज्योत्सव में दिखेगी विकास की झलक

- -कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने लिया जिला स्तरीय राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा
- मंच, बैठक व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों के संबंध में दिये ज़रूरी निर्देश



**सुकमा 5 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम सुकमा में आगामी 05 नवम्बर को जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव का आयोजन पूर्ण गरिमा के साथ किया जाएगा। राज्योत्सव में स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा भी शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जहाँ विकास की झलक दिखेगी। इसके अलावा अन्य संस्थानों द्वारा भी अपने उत्पादों की बिक्री या प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगाये जा रहे है।

कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज मिनी स्टेडियम सुकमा पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित लगाई जा रही जीवंत विकास प्रदर्शनी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि स्टॉल राज्योत्सव के गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग को बच्चों एवं महिलाओं के सुपोषण के लिए पौष्टिक व्यंजनों पर आधारित स्टॉल लगाने कहा । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के कार्यो पर आधारित स्टॉल लगाने के निर्देश दिये जहां जल जीवन मिशन के झलक दिखेगा। जनसंपर्क विभाग की विकास आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी ।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने राज्योत्सव सफल, सुव्यवस्थित आयोजन के लिए ज़िला अधिकारियों को दायित्व सौपें है। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेटिंग, यातायात व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई और सजावट आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, सीईओ जनपद पंचायत सुकमा सुश्री मधु तेता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# बस्तरिया राज मोर्चा संगठन की परिचर्चा में कई लोगों ने विचार व्यक्त किए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 5 नवंबर।** 2 अक्टूबर को सुकमा मुख्यालय के रॉयल होटल मे बस्तरिया राज मोर्चा का एक दिवसीय परिचर्चा संभागीय अध्यक्ष यादव समाज के श्री संतोष यादव के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दन्तेवाड़ा , बस्तर,सुकमा के बस्तरिया मूलनिवासी समाज के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के नेतृत्व में एक दिवसीय परिचर्चा में विभिन्न मुद्दो पर सार्थक चर्चा हुआ। आगामी दिनों मे बस्तरिया राज मोर्चा के बैनर तले बस्तर के मूलनिवासियों के हक अधिकार के लिए, जल,जंगल व जमीन को बचाने, स्थानीय नौकरी, रोजगार के लिए तथा मूलनिवासी समाज के अन्य जनहित मुद्दे को लेकर बड़ी लड़ाई लड़ेगा। परिचर्चा मे बड़ी संख्या मे पहुंचे बस्तरिया मूलनिवासी पदाधिकारी अधिवक्ता बिच्चेम पोंदी संभागीय संरक्षक महारा समाज, राजू बघेल संभागीय अध्यक्ष महारा समाज, तरुण ठाकुर संभागीय अध्यक्ष तरुण ठाकुर धाकड़ समाज, विष्णु कवासी जिला अध्यक्ष कोया समाज सुकमा, करिया दिवान पिछड़ा वर्ग प्रदेश महासचिव, बधरु नेताम अध्यक्ष, किशोर दिवान सचिव मूल बस्तरिया समाज, शिबो राम जिला अध्यक्ष कलार समाज सुकमा, तुलसी राम नाग जिला अध्यक्ष कुम्हार समाज सुकमा, टड़गू यादव जिला अध्यक्ष यादव समाज सुकमा, पलन साहू जिला अध्यक्ष साहू समाज जगदलपुर, बहादुर सिंह धाकड़ समाज सुकमा, सेन सेन समाज जगदलपुर, श्रीमति कमला रमन्ना सहित संबोधित करते हुए सभी ने कहा कि बस्तर के लिए एक नया अवसर है जो आज हम बात कर रहे है कि बस्तर एक पृथक राज्य होना अति आवश्यक है, इस पर सभी ने समर्थन करते हुए कहा कि इस अवसर को हम सभी मूल बस्तरिया समाज को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने कि जरुरत है, इसकी लड़ाई एक मात्र गैर राजनीतिक संगठन बस्तरिया राज मोर्चा के बैनर तले लड़ा जा सकता है, इसलिए आगामी दिनो के लिए रणनीति तैयार कर हम सभी भाग लेने की बात किया आगे इस संगठन के माध्यम से बस्तर के ज्वलंत विभिन्न मुद्दो को लेकर लड़ाई लड़ने की जरूरत बताया। यह कि बस्तरिया राज मोर्चा संगठन बस्तरिया मूलनिवासी समाज को एकता की दिशा की ओर बड़ेगा। बस्तरिया मूल समाज के दाधिकारियो ने कहा कि अबतक 11 सूत्रीय. मुद्दो का पूर्ण समर्थन किया। इन मांगो को लेकर जल्द आदोलन शुरुआत किया जायेगा। इस अवसर पर सुधरु कुंजाम प्रभारी बस्तरिया राज मोर्चा दन्तेवाड़ा , रामा सोड़ी, कन्हैया सोना, जी आर नेगी, भूनेश्वर नाग, विवेक यादव, हड़मा मरकाम, देवा मडावी, देवा सोड़ी, भरत चालकी, बुधरु यादव हरि सिंह राकेश कुंजाम, दिनेश राजेश नाग, आरधना मरकाम, पुष्पा सोड़ी सहित प्रमुख मूल बस्तरिया समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस ने किया जिला एवं अपर सत्र न्यायालय नारायणपुर का वर्चुअल शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कोंडागांव 5 नवंबर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, नारायणपुर का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति महोदय ने अपने उद्बोदन में कहा कि, दीपावली त्यौहार के बाद आज से न्यायलयीन कार्य प्रारंभ हुआ हैं और यह बहुत ही शुभ दिन हैं, जब जिला एवं अपर सत्र न्यायालय नारायणपुर का शुभारंभ हो रहा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का कार्यक्रम भी 6 नवंबर तक सेलिब्रेट किया जा रहा है। पक्षकार और अधिवक्तागण को न्याय प्राप्ति के लिये नारायणपुर से कोंडागांव की यात्रा करनी पड़ती थी, जिनकी सुविधा के लिये इस न्यायालय का शुभारंभ नारायणपुर में किया जा रहा हैं, जिसकी मांग अधिवक्तागण एवं क्षेत्र के लोगों को बहुत समय से थी। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति ने सभी को शुभकामनाए दी व नव स्थापित न्यायालय का लाभ लेने कहा, जिसके लिये इस न्यायालय की स्थापना हुई है। साथ ही कहा कि, जल्द ही त्वरित न्याय प्रदान किया जायेगा। गौरतलब हैं कि, नव स्थापित जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, नारायणपुर का शुभारंभ मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च् न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि न्यायाधिपति एवं पोर्टफोलियों न्यायाधीश जिला कोंडागांव न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल ने विडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़कर किया है। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत अभिवादन किया गया और जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, नारायणपुर का शुभारंभ मुख्य न्यायाधिपति के दूरदर्शिता के साथ किये जा रहे शीघ्र सुलभ व त्वरित न्यायदान के सार्थक प्रयासों का परिणाम होना कहा। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर हरेन्द्र सिंह नाग, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव गायत्री साय, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ नारायणपुर शिव कुमार पाण्डे, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कोंडागांव दीपक ठाकुर एवं पदाधिकारीगण व अधिवक्तागण, जिला कलेक्टर नारायणपुर विपिन कुमार मांझी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग नारायणपुर तथा न्यायलयीन अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए आवेदन 20 नवम्बर तक

**जगदलपुर 5 नवम्बर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सभी वर्गों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण मॉड्यूलर एम्प्लाएबल स्किल (एमईएस) कोर्सेस के अंतर्गत सेल्फ एंप्लॉयड टेलर (वस्त्र सिलाई), कोसा धागाकरण एवं कोसा वस्त्र बुनाई ट्रेड में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण युवक-युवतियों से अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, कोसा केंद्र जगदलपुर में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 20 नवंबर 2024 तक आवेदन आमंत्रित है। अंचल के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। भोजन की व्यवस्था स्वयं को करनी होगी। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति-निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।

### 30 नवंबर तक पेंशनर डाकघर में बनवा सकेंगे जीवन प्रमाणपत्र

**कोंडागांव 5 नवंबर।** पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त करने के लिए पेंशनर्स को हर साल जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होता है। इससे यह साबित होता है कि पेंशन प्राप्त करने वाला व्यक्ति जीवित है और इससे पेंशन बिना किसी रुकावट के जारी रहती है। इस सम्बंध में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक कोंडागांव के शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जीवन प्रमाण पत्र इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में अपनी नजदीकी पोस्ट ऑफिस जाकर बनवा सकते है या अनुरोध पर घर पहुचकर बनवाने की सुविधा भी उपलब्ध है यह पूर्णतः पेपरलेस प्रक्रिया है। इसके लिए पेंशनर्स को आधार कार्ड व मोबाईल लाना अनिवार्य है।



### स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण प्राप्त करने 20 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर 5 नवम्बर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 20 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत् ऋण प्रदाय किया जाएगा। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदक को संबंधित जाति वर्ग तथा जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की पारिवारिक वार्षिक आय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 50 हजार रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र जारी नहीं होने पर सरपंच एवं पटवारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र मान्य होगा। आवेदक की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक आवेदक को जन्मतिथि दर्शित पांचवी, आठवीं व दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र, 02 पासपोर्ट साईज की फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा 10 रूपए के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लेने का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें रखने वाले आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर, कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन के प्रथम तल, कक्ष क्रमांक 06 में कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

**कलेक्टर ने कार्यों में पारदर्शिता और ग्रामीण विकास पर ध्यान देने के दिए निर्देश**

# प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जनसेवा पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा,5 नवंबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में 22 ग्रामों में नियद नेल्लानार योजना के तहत शीघ्र विद्युतीकरण करने और इसके लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व भी सौंपे गए।

कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने जिले में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों और मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सप्ताह में दो दिन, बुधवार और शुक्रवार, को फील्ड विजिट करें ताकि शासन की योजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण कर, उनकी प्रगति की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन हो सके। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि फील्ड विजिट से अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक जानकारी प्राप्त होगी और जनता की समस्याओं को शीघ्र निराकरण होगा। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी टीम के साथ हर बुधवार और शुक्रवार को फील्ड पर जाकर कार्यों का जायजा लें, जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और विकास कार्यों में तेजी आए। कृषि क्षेत्र की उत्पादकता में वृद्धि हेतु कलेक्टर ने एकीकृत कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। इस संबंध में किसानों को प्रशिक्षण और सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में आदर्श ग्राम पंचायत बनाने हेतु विभिन्न ग्रामों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा दिया जा सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कोंटा और छिंदगढ़ के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

### बस्तर ओलंपिक की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**सुकमा, 5 नवंबर।** बस्तर ओलंपिक के आयोजन को लेकर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस्तर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सुकमा जिले से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में बस्तर ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और अधिकारियों की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर बस्तर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जिनमें अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे, श्री मनोज देव और श्री संजय सोढ़ी शामिल थे।

## समाचार संक्षेप

### टिफिन बम और विस्फोटक के साथ दो नक्सली गिरफ्तार



**जगदलपुर 5 नवंबर।** बस्तर संभाग के सुकमा जिला अंतर्गत केरलापाल थाना क्षेत्र में दो नक्सलियों को टिफिन बम और विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार किया गया है। सुकमा जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 26 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर के सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति संदिग्ध वस्तुओं के साथ सामसेट्टी जाने वाले मार्ग पर घूम रहे हैं। इसकी तस्दीक हेतु थाना केरलापाल से जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी रवाना की गई। टीम द्वारा घेराबंदी कर दो लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ करने पर अपना नाम कवासी हिड़मा पिता स्व. कवासी देवा मिलिशिया सदस्य एवं रेंज कमेटी अध्यक्ष उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम बगड़ेगुड़ा, कननपारा थाना केरलापाल एवं वंजाम देवा पिता वंजाम भीमा मिलिशिया सदस्य एवं रेंज कमेटी उपाध्यक्ष उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बगड़ेगुड़ा करकापारा थाना केरलापाल बताया। उन्होंने नक्सल संगठन में कार्य करने की बात भी कबूल की। पकड़े गए संदिग्ध युवक साथ में थैले रखे हुए थे। थैलों की तलाशी लेने पर 1 नग टिफिन बम वजनी 3 किग्रा, 3 नग बैटरी, 2 नग डेटोनेटर एवं 1 बंडल बिजली वायर बरामद किए गए। विस्फोटक सामग्री रखे जाने के संबंध गहन पूछताछ करने पर सुरक्षा बलों के आने-जाने वाले मार्ग में सुरक्षा बलों को नुकसाना पहुंचाने की नीयत से एवं मौके पाकर टिफिन बम को प्लांट करने की मंशा से रखना बताया। दोनों के खिलाफ केरलापाल थाने में धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए आज 27 अक्टूबर को न्यायालय में पेश कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा।

### भाजपा नेता स्व.रतन दुबे को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नारायणपुर 5 नवंबर।** नारायणपुर जिले के भाजपा नेता स्व. रतन दुबे को आज पुराने बस स्टेंड में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भावभीनी श्रद्धांजली दी गई । 4 नवंबर 2023 को कौशलनार में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान नक्सलियों द्वारा भाजपा नेता रतन दुबे की निर्मम हत्या कर दी गई थी जिनकी आज प्रथम पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा पुराने बस स्टेंड में रखी गई थी जहां उन्हें याद करते हुए सभी की आँखें नम हो गई और उन्हें पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया । भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसाय सलाम ने कहा कि रतन दुबे नारायणपुर भाजपा को मजबूती प्रदान करने निरंतर लगे रहते है कार्यकर्ताओं का विस्तार की बात हो या फिर उनके जिला पंचायत क्षेत्र में कार्य की बात हो वे आगे रहते थे उनका व्यक्तित्व मिलनसार था वे सभी से हंसी मजाक कर साथ में रहते थे । चुनाव प्रचार के दौरान उनकी हत्या की खबर से सभी भाजपा कार्यकर्ता गमगीन हो गए थे उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था कि रतन दुबे हमारे बीच नहीं रहे । आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है । इस दौरान सूर्यपाल दुबे , बृजमोहन देवांगन , जय प्रकाश शर्मा , गुलाब बघेल , मांगडू नूरेटी , पंकज जैन , संदीप झा , सुदीप झा , अभिषेक झा , संत नाथ उसेंडी , प्रताप मंडावी , गोपाल बघेल , संजय नन्दी, नरेंद्र मेश्राम , शांतु दुग्गा , उज्ज्वल सोनी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### विकासखंड स्तर पर होंगा खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**जगदलपुर 5 नवम्बर।** बस्तर ओलंपिक 2024 के अंतर्गत प्रथम चरण की खेल प्रतियोगिता विकासखंड स्तर से प्रारंभ होगी, विकासखंड स्तर पर प्रत्येक पंचायत के खिलाड़ी जिन्होंने अपना पंजीयन कराया है शामिल हो सकेंगे, विकासखंड स्तर पर प्रत्येक 10 से 12 पंचायतों का समूह बनाकर प्रतिदिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 10 से 12 पंचायतों में जो खिलाड़ी विजेता अथवा प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे, वह अगले राउंड में प्रवेश करेंगे, जो सेमीफाइनल राउंड होगा। विकासखंडों में लगातार चार से पांच दिनों तक प्रतियोगिताएं संपन्न होगी और विजेता खिलाडी-टीम अगले राउंड सेमीफाइनल और फिर फाइनल में प्रवेश करेंगे, फाइनल के विजेता अपने विकासखंड से जिला स्तर पर भाग लेंगे। उपरोक्तानुसार विकासखंड स्तरीय आयोजन के लिए सीईओ जनपद पंचायत को इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीकृत सभी खिलाड़ी अपने पंचायत के सचिव, सरपंच, पीटीआई या जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पंचायत के नोडल या प्रभारी अधिकारी से संपर्क कर विकासखंड स्तर पर अपनी पंचायत या नगरीय निकाय का मैच किस तिथि को है, पता कर उस तिथि में विकासखंड स्तर पर भाग ले सकेंगे। सभी सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है किस तिथि में किस पंचायत को विकासखंड स्तर पर खेलने आना है, निर्धारण कर संबधित पंचायतों को, सचिव के माध्यम से अवगत कराएं साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि जिन खिलाड़ियों ने बस्तर ओलंपिक के लिए अपना पंजीयन कराया है, वे सुगमता पूर्वक बस्तर ओलंपिक की खेल प्रतियोगिता में शामिल हो सके।

## एक नजर

### एक्सप्रेस-वे चूनाभट्टी के पास चाकू लहराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर, 5 नवम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर रायपुर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के अपराधिक / असामाजिक व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है एवं मुखबीर लगाये गये है। इसी तारतम्य में दिनांक 03.11.2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक्सप्रेस-वे चूनाभट्टी पुराना शराब दुकान के सामनें एक व्यक्ति उम्र लगभग 20-25 साल का सफेद कलर का फुलपेंट और हरा कलर का फुलशर्ट पहना है, अपने हाथ में स्टील का बटनदार धारदार चाकू रखा है. चाकू को लहराते हुये डरा धमका रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना स्टाफद्वारा मौके पर पहुंचकर मुखबीर के बताये हुलिये के व्यक्ति को घेराबंदी कर बटनदार धारदार चाकू लहराते हुये पकड़ा गया, जिससे नाम पता पुछने पर अपना कार्तिक सोना पिता सीताराम सोना उम्र 21 साल पता ब्रम्हदाई पारा संतोषी मंदिर के पास खमतराई थाना खमतराई रायपुर का रहने वाला बताया, चाकू रखने के संबंध में कोई वैध कागजात पेश नहीं किया कि आरोपी कार्तिक सोना के कब्जे से एक बटनदार धारदार चाकू लंबाई 24 सेमी को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। थाना स्टाफद्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अन्य बढ़ी घटना घटित होने से पहले आरोपी को चाकू सहित पकड़ा गया है एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल वारंट पर केन्द्रीय जेल रायपुर दाखिल किया गया है।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगाकर दुकान में की तोड़फोड़

**रायपुर, 5 नवम्बर।** नेवरा स्थित सारथी ट्रेडर्स के सामने खड़ी ट्रक को आक्रोशित लोगों ने एक राय होकर आग लगा दिए और दुकान में तोड़फोड़ कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आकाश गिलानी 28 वर्ष वार्ड 16 तिल्दा नेवरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी सारथी ट्रेडर्स नाम से दुकान चलाता है। उसके दुकान के सामने एक्सीडेंट होने पर आरोपी पोषण वर्मा व अन्य लोगों ने एक राय होकर सीजी 04 एलएक्स 5953 एवं सीजी 04 एचवी 1548 में आग लगा दिए। वहीं दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरा, कांच, खिड़की व बाइक में तोड़फोड़ कर दिया। जिससे प्रार्थी को 20 से 22 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### उधार पैसे के लेन-देन को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर, 5 नवम्बर।** गंगा मेडिकल के पास शुक्रवारी बाजार में उधार पैसे के लेन-देन को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अब्दुल रब असरूफी 22 वर्ष नाहरनापारा सुभाष नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी गंगा मेडिकल के शुक्रवारी बाजार के पास गया था, तभी आरोपी शिवम यादव एवं सोनू यादव आया और उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कार की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत

**रायपुर, 5 नवम्बर।** सारथी ट्रेडर्स के पास नेवरा में कार की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राहुल साहू 20 वर्ष नेवरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा से कहीं जा रहा था, तभी सारथी ट्रेडर्स के पास कार क्रमांक सीजी 12 एएल 7025 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दिया। जिससे राहुल की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### 2 सउनि के साथ 11 प्रआ का ट्रांसफर

**रायपुर, 5 नवम्बर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी एक आदेशानुसार जिले में पदस्थ दो सहायक उपनिरीक्षक सहित 11 प्रधान आरक्षकों की नई पदस्थापना सूची जारी की गई है।

### जतमईगढ़, पीपरछेड़ी में हर्षोल्लास से मनाया मातर महोत्सव

# यादव समाज हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजे हुए है : साहू

■ सामाजिक कार्यकर्ता रूप सिंग साहू का यादव समाज ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 5 नवम्बर।** छुरा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भाई दूज मातर महोत्सव शांति पूर्ण माहौल में उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में प्रखंड के ग्रामपंचायत पीपरछेड़ी (जतमईगढ़ ) में समस्त ग्रामवासी एवं यादव समाज के तत्वावधान में भाई दूज के शुभ अवसर पर मातर महोत्सव स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। ग्राम सरपंच नीरा - बिसहत राम ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा युवा नेता रूप सिंग साहू रहे।

जनपद सदस्य द्वय नीलकंठ सिह ठाकुर एवं सुश्री खिलेश्वरी ध्रुव, उपसरपंच गोविंद राम यादव, तेजस्वी यादव, ग्राम पटेल बाबू लाल, ग्रामीण अध्यक्ष शुकलाल मरकाम, पंच गण, सभी ग्रामीण समाज प्रमुखों की विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन हुआ।रंग बिरंगी वेश भूषा में सजे यादव समाज के युवा व बच्चो की टोली ने बाजे गाजे के साथ राउत नृत्य करते ग्राम भ्रमण कर, ग्रामीण देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर साथ लिए मातर महोत्सव स्थल सहाड़ा देव स्थल गोठान पहुंचे। जहां खूब आतिशबाजी करते राउत नृत्यों के साथ देवी देवताओं की पूजा अर्चना किये। मुख्य अतिथि रूप सिंग साहू ने समस्त ग्रामवासियो एवं यादव समाज को पंच महापर्व की बधाई देते हुए कहा कि हमारी छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा, को संजोकर रखे यादव समाज, इस मातर महोत्सव में सभी, जाती समाज, धर्म, वर्ग को लेकर आपसी चारा के साथ मिल जुलकर त्योहार मनाने का संदेश देते है। उन्होंने युवाओं से कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास हो इस सोच को लेकर कार्य करे, जिसके लिए वह हमेशा सहयोग के लिए तैयार है।वही विशेष अतिथि नीलकंठ सिंह ठाकुर ने मातृशक्ति को मातर उत्सव की प्रेरणा कहा।उन्होंने बताया कि हमारा भारत, हमारी छत्तीसगढ़ के लोग मातृत्व शक्ति की उपासना करते है।

जिसके कारण अपनी धरनी को मां व महतारी की दर्जा देते है। जिससे ही हम तरते है, जिसके उपलक्ष्य में मा - तर महोत्सव मानते है।पर्व की सभी ग्रामवासियो को बधाई दिए। सभा को जनपद सदस्य खिलेश्वरी ध्रुव, तेजस्वी यादव ने संबोधि करते हुए मातर महोत्सव की शुभकामनाएं दिए।ग्राम सरपंच नीरा बिसहत राम ध्रुव, उपसरपंच गोविंद यादव स्वागत व आभार प्रकट किए। ग्रामवासियो ने अपनी समस्याओं को सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू के पास रखे जिसका समाधान करने की बात कही। उन्होंने बाल गोविंद राउत नृतक बच्चो को पुस्कृत किये। मंच का संचालन शिक्षक दीनबंधु ध्रुव ने किया। जिसमें सर्व यादव समाज व समस्त ग्रामवासियो का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में माताए, बहने व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आवागमन बाधित करने वाले सात वाहनचालकों पर की गई कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 5 नवम्बर।** तिल्दा-नेवरा पुलिस ने 4 नवम्बर को सड़क पर वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वाले वाहन चालको पर कड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन एवं शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने कार्यवाही के दौरान शहर के प्रमुख चैक चैराहे में जाकर रोड में चलने वाले भारी वाहन के चालको को समझाईश दिया गया। इसी दौरान सासाहोली ओवरब्रिज के पास 03 भारी वाहन के चालको के द्वारा अपनी वाहन को आम रोड में लापरवाही पूर्वक खडा कर आम मानव जीवन को संकट उत्पन्न कर यातायात को बाधित किया जा रहा था जिस पर उपरोक्त 03 भारी वाहन को जप्त किया जाकर चालको के विरूद्ध अपराध धारा 285 बी.एन.एस. का मामला दर्ज किया गया है। एवं सारथी ट्रेडर्स के सामने कोटा रोड नेवरा के दो ट्रैकों के विरुद्ध धारा 285 इ्ठ्ठह्य का। इसी तरह तिल्दा नेवरा शहर के प्रमुख खूबचंद बघेल चैक जो तिल्दा-खरोरा मुख्य मार्ग है में भी 04 भारी वाहन के चालको के द्वारा अपनी वाहन को आम रोड में लापरवाही पूर्वक खडा कर आम मानव जीवन को संकट उत्पन्न कर यातायात को बाधित किया जा रहा था जिस पर उपरोक्त 03 भारी वाहन को जप्त किया जाकर चालको के विरूद्ध अपराध धारा 285 बी.एन.एस. का मामला दर्ज किया गया है। तिल्दा नेवरा पुलिस के द्वारा शहर वासियो को यातायात नियमों का पालन करने व सुरक्षा संबंधी जानकारी दिया गया है तथा भारी वाहन के चालको को यातायात नियमों व वाहन में खलासी रखने व यातायात संकेतो का कड़ाई से पालन करने हिदायत दिया गया है।

### प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे राज्योत्सव में मुख्य अतिथि

**बलौदाबाजार, 5 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव-2024 का जिला स्तरीय समारोह 5 नवंबर को सायं 6 बजे से बलौदाबाजार स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में होगा। राज्योत्सव समारोह की अध्यक्षता राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। समारोह में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक भाटापारा इंद्र साव विधायक कसडोल संदीप साहु, विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ सनम जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा एवं छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे।

# पंथ उदितमुनिनाम साहब ने दामाखेड़ा में फीता काट कर किया पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ

### अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए के लिए कबीर धर्मनगर में खोला गया नवीन पुलिस सहायता केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 5 नवम्बर।** अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में स्थित कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में नवीन पुलिस सहायता केंद्र का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिसका शुभारंभ आज पंथ उदितमुनिनाम साहब के करकमलों द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कबीर अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस मौके पर पंथ उदितमुनिनाम साहब द्वारा सहायता केंद्र मे विधिवत रोजनामचा लेखन कार्य प्रारंभ कर पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर (दामाखेड़ा) का विधिवत कार्य प्रारंभ किया गया। पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर (दामाखेड़ा) में सहायक उप निरीक्षक माधो प्रसाद साहू को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही प्रधान आरक्षक सुख सागर मरावी, 03 आरक्षक सहित कुल 05 पुलिस स्टाफ की तैनाती पुलिस सहायता केंद्र कबीर धर्मनगर (दामाखेड़ा) में की गई है।

गौरतलब है कि कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा कबीर पंथ के प्रमुख आस्था का मुख्य केंद्र है। ग्राम दामाखेड़ा में कबीर पंथ आश्रम विद्यमान है जिसमें कबीर पंथ के वंशाचार्य प्रकाश मुनि नाम साहेब एवं उनका परिवार भी निवास करते है। उक्त स्थल का दर्शन करने प्रतिदिन दर्शनार्थियों का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही प्रत्येक वर्ष दामाखेड़ा में 15 दिवसीय मेला का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर दिन चौका आरती एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम होते रहते हैं। इस दौरान मेला कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के साथ-साथ विदेश से भी कई लोग दर्शनार्थ कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा पहुंचते हैं तथा प्रतिदिन मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है।

### हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 5 नवम्बर।** ग्राम सरोरा में मामूली विवाद पर चाकू से प्राणघातक हमला कर हत्या करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर आरोपियों ने मृतक मनीष कुमार यादव को धारदार चाकू से प्राण घातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या किया की मर्ग क्रमांक 130/24 की जांच पर आरोपी गण के विरुद्ध धारा 103(1)(5)क्च्हस् का अपराध पंजीबद्ध का विवेचना में लिया गया। उपरोक्त आरोपी गणों को गिरफ्तार कर 15 दिन की न्यायिक रिमांड पर रायपुर जेल भेजा गया है। आरोपियों के नाम रामनारायण उर्फ नानू पिता मुंन्रा यादव उम्र 20 वर्ष, दूज राम साहू पिता सुरेश उम्र 21 वर्ष, दुर्गेश ध्रुव पिता वीरेंद्र ध्रुव उम्र 22 वर्ष, रवि विश्वकर्मा पिता शान्तो राम उम्र 22 वर्ष, चंद्र शेखर साहू पिता बहोरन साहू उम्र 26 वर्ष सभी साकिनान सरोरा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर हैं।

### अवैध गांजा के साथ दो लोगों को पुलिस ने पकड़ा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 नवम्बर।** शहर पुलिस टीम द्वारा मुंशी इस्माइल वार्ड भाटापारा में घेराबंदी कर अपने घर के सामने बिक्री करने के लिए अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने वाले 02 आरोपियों को पकड़ा। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी कैलाश सेन का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से कुल 05 नग अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 05.054 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?50,000 है। आरोपी कैलाश सेन से विस्तृत पूछताछ पर उसके द्वारा उक्त गांजा आरोपी समीर खान द्वारा उपलब्ध कराना बताया गया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल आरोपी समीर को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी समीर खान से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री रकम 300 एवं एक मोबाइल भी जप्त किया गया है। पुलिस धारा 20 B, 29 NDPS एक्ट के तहत आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। आरोपियों के नाम कैलाश सेन उम्र 35 साल निवासी मुंशी इस्माइल वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, समीर खान उम्र 24 साल निवासी मुंशी स्माइल वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर है।

### हादसे में युवक की मौत, आक्रोशित भीड़ ने ट्रक को आग के हवाले मुआवजे और कार्रवाई की मांग की





**रायपुर, 5 नवम्बर।** राजधानी रायपुर के नेवरा से कोटा मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में नेवरा निवासी 23 वर्षीय युवक राहुल साहू की मौत हो गई। हादसे के बाद, वहां मौजूद लोगों की भीड़ ने आक्रोशित होकर पास खड़े एक ट्रक को आग लगा दी और कई अन्य ट्रकों पर तोड़फोड़ की। खबरों के अनुसार, जब लोग हादसे की जानकारी मिलने पर इकट्ठा हुए, तो उनका गुस्सा बढ़ गया, जिससे उन्होंने नेवरा थाना के सामने सड़क पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। यह घटना देखते ही देखते सामूहिक विरोध में बदल गई, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

**लोगों के विरोध के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात:** खरोरा, आरंग और अन्य आस-पास के क्षेत्रों से पुलिस के आला अधिकारी और बल तिल्दा की ओर रवाना हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है और हालात को नियंत्रण में लाने के लिए तुरंत कार्रवाई की गई। नेवरा के लोगों ने इस घटना के पीछे ट्रांसपोर्टर पर आरोप लगाया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ट्रांसपोर्टर अपनी ट्रकों को मुख्य मार्ग के दोनों तरफ खड़ा कर देते हैं, जिससे आए दिन सड़क हादसों की स्थिति बनती है। उन्होंने लिखित शिकायतें भी दी है, लेकिन उनकी शिकायतों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से वे आक्रोशित हैं।

स्थानीय निवासी इस स्थिति से बेहद परेशान हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन स्थानीय लोगों का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस ने लोगों को शांत करने और स्थिति को सामान्य बनाने के लिए प्रयासरत है।

### गजानन अग्रवाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशामुक्त अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन

# नशा ऐसी बुराई है जो हमारे जीवन को कर देती है नष्ट : गेडाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदाबाजार, 5 नवम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे है। इसी तारतम्य में भाटापारा स्थित गजानन अग्रवाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 221 छात्र -छात्राओं ने भाग लिया।

शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुडाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है, शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा, भांग, अफिम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और घुमपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है।

नशे से छुटकारें हेतु नशा मुक्ति केन्द्र भी संचालित किया जा रहा है जिसमें रहने की व्यवस्था, दवाईयों की व्यवस्था, उचित मनोचिकित्सकों की व्यवस्था भी की गई है एवं नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफलिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें।

इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी महाविद्यालय विद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।























कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26